रोहतक
गुरुवार 29 अक्टूबर 2026
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 30, अंक : 266
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00
मौसम
अधि. 32.8
न्यून. 13.7
हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



Jio

धन्यवाद, भारत!
जियो आपने बनाया।

आपके भरोसे से बना देश का सबसे बड़ा शेयरधारक परिवार।
79.62 लाख शेयरधारक।

लिस्टिंग के पहले ही दिन, मार्केट कैप के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के बाद
देश की **दूसरी सबसे बड़ी कंपनी** बनी जियो।

यह आपके भरोसे की जीत है। यह डिजिटल भारत के बढ़ते कदमों की पहचान है।



आकाश, ईशा और अनंत अंबानी

खबर संक्षेप

हुड्डा नागरिक उड्डयन मंत्रालय में उप सचिव बने

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग में विशेष सचिव और आईएएस अधिकारी राहुल हुड्डा की सेवाएं केंद्र सरकार को सौंप दी हैं। उन्हें नागरिक उड्डयन मंत्रालय, दिल्ली में उप सचिव नियुक्त किया गया है। इस संबंध में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा आदेश जारी किए गए हैं।

होमगार्ड की मांगों को रैली में उठाएंगे : लांबा

चंडीगढ़। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ की ओर से दावा किया गया है कि 12 दिसंबर को होने वाली रैली में होमगार्ड्स से जुड़ी मांगों को जोरदार ढंग से उठाया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने केंद्र से देशभर के लगभग पांच लाख होमगार्ड जवानों को पुलिस कर्मचारियों के समान नियमित रोजगार, वेतन, भत्ते और सामाजिक सुरक्षा सहित सभी आवश्यक सेवा-सुविधाएं प्रदान करने की मांग की है। उन्होंने घोषणा की कि 12 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली कर्मचारी आक्रोश रैली में नियमित और ठेका संविदा कर्मियों की मांगों के अलावा होमगार्ड जवानों की मांगों को जोरदार तरीके से उठाया जाएगा।

बोस विवि के छात्रों को मिलेगा जर्मनी में रोजगार

चंडीगढ़। जेसी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के विद्यार्थियों के लिए जर्मनी में रोजगार के नए अवसर खुलने जा रहे हैं। जर्मनी की कंपनी कोटिंग कॉन्सेप्ट ने विश्वविद्यालय से लगभग 180 कुशल तकनीशियनों एवं औद्योगिक कोटिंग विशेषज्ञों की भर्ती करने की इच्छा व्यक्त की है। इस संबंध में जर्मनी के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय का दौरा किया और कौशल प्रशिक्षण सुविधाओं का निरीक्षण किया। भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2027 में शुरू होगी तथा चयनित अभ्यर्थियों को जर्मनी जाने से पहले ए2 स्तर का जर्मन भाषा प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में कोटिंग कॉन्सेप्टस की प्रबंध निदेशक जनीना राडो विक, लॉजिस्टिक्स एवं वर्क प्रिपरेशन विभाग के प्रमुख एंड्रियास फालर, प्रोडक्शन मैनेजर डेविड फ्रैंक तथा प्रोडक्शन मैनेजर सर्जियस स्टीनमार्क शामिल रहे।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने उद्योगपतियों से कीं बैठकें, हैपनिंग हरियाणा ग्लोबल समिट का दिया न्योता

गुजरात दौरे से हरियाणा को 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव

डिफेंस, रियल एस्टेट और ऑयल-गैस क्षेत्र में करीब 25 हजार करोड़ निवेश के लिए एमओयू

सेमीकंडक्टर क्षेत्र में 2,900 करोड़ और कृषि खाद्य प्रसंस्करण में 1,400 करोड़ के प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दो दिवसीय गुजरात दौरे के दौरान हरियाणा को 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। गुजरात के गांधीनगर में उद्योगपतियों और निवेशकों के साथ हुई बैठकों के बाद विभिन्न क्षेत्रों में निवेश से संबंधित समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें डिफेंस, रियल एस्टेट और ऑयल एवं गैस क्षेत्र में करीब 25 हजार करोड़ रुपये, सेमीकंडक्टर क्षेत्र में 2,900 करोड़ रुपये तथा कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में 1,400 करोड़ रुपये के प्रस्ताव शामिल हैं। इसके अलावा कंप्रेस्ड बायोगैस और नागरिक उड्डयन क्षेत्र में भी निवेश के लिए एमओयू किए गए हैं। दौरे के पहले दिन भी करीब 12 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों से संबंधित एमओयू पर हस्ताक्षर हुए थे। मुख्यमंत्री ने बुधवार को गांधीनगर में विभिन्न उद्योगपतियों और निवेशकों के साथ आमने-सामने बैठकें कीं। इस दौरान उन्होंने निवेशकों को हरियाणा में उद्योग स्थापित करने और मौजूदा कारोबार का विस्तार करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने राज्य की औद्योगिक नीतियों, बुनियादी ढांचे, बेहतर कनेक्टिविटी, कुशल मानव संसाधन और कारोबारी सुविधाओं की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार निवेश परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए सरल प्रक्रियाएं अपनाकर सुविधाएं दे रही है।



औद्योगिक विकास की बड़ी पहल

मुख्यमंत्री ने गुजरात के उद्योगपतियों और निवेशकों को अप्रैल 2027 में हरियाणा में प्रस्तावित 'हैपनिंग हरियाणा ग्लोबल समिट' में भाग लेने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा और गुजरात दोनों राज्यों की पहचान उद्यमशीलता, विनिर्माण और औद्योगिक विकास से जुड़ी है। दोनों राज्यों के उद्योग जगत के बीच सहयोग बढ़ने से निवेश, तकनीकी नवाचार, उत्पादन क्षमता और रोजगार सृजन की संभावनाएं बढ़ेंगी। उन्होंने बताया कि हरियाणा में उद्योग स्थापित करने और कारोबार का विस्तार करने की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने पर जोर दिया जा रहा है। निवेशकों को आवश्यक अनुमतियां और स्वीकृतियां एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। निर्धारित समय-सीमा में सेवाएं उपलब्ध कराने का उद्देश्य प्रक्रियागत देरी कम करना और निवेश परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाना है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर सहित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से मिले नायब



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अपने दो दिवसीय गुजरात दौरे के दौरान बुधवार को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से मुलाकात की। इस अवसर पर दोनों मुख्यमंत्रियों के बीच हरियाणा और गुजरात के मध्य आपसी तालमेल एवं सहयोग को और अधिक मजबूत करने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। वहीं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुजरात दौरे के दौरान मंगलवार को सूरत में आयोजित प्रवासी मिलन समारोह में हरियाणा के प्रवासी उद्यमियों और गुजरात के उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि गुजरात में रहकर अपनी मेहनत, उद्यमशीलता और दूरदर्शिता से सफलता हासिल कर उन्होंने अपनी पहचान बनाई है। मुख्यमंत्री ने शिकायत निवारण के लिए पोर्टल बनाने का भी ऐलान किया।

एचएसएससी करेगा 8000 पदों पर भर्ती : हिम्मत सिंह

- विभिन्न पदों का जल्द जारी होगा विज्ञापन
- सीईटी स्टेज-2 की तैयारियों में जुटा आयोग

चंडीगढ़। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग अध्यक्ष हिम्मत सिंह ने बताया कि करीब 14 हजार पदों पर भर्ती के लिए सीईटी स्टेज-2 परीक्षा की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। साथ ही युवाओं को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध करवाने के लिए करीब 8,000 पदों पर नई भर्तियों का विज्ञापन भी जल्द जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आयोग भर्ती एवं परीक्षा प्रक्रिया को निर्धारित नियमों के अनुसार व्यवस्थित और पारदर्शी ढंग से आगे बढ़ा रहा है। हिम्मत सिंह के निर्देश पर सीईटी स्टेज-2 परीक्षा के आयोजन की तैयारियों के तहत परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज आयोग के सदस्य सुभाष चंद्र ने अपनी टीम के साथ पंचकूला जिले के कालका-पिंजौर क्षेत्र में परीक्षा केंद्रों का दौरा कर वहां उपलब्ध सुविधाओं और आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

आयोग अध्यक्ष ने बताया कि निरीक्षण का उद्देश्य परीक्षा केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं का आकलन करना और परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए जरूरी व्यवस्थाओं की समीक्षा करना है।

बेरोजगारी भत्ते के लिए आवेदन एक से

चंडीगढ़। सरकार प्रदेश के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को आर्थिक संबल देने के लिए सामान्य बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत वर्ष 2026-27 के आवेदन 1 नवंबर से लेने जा रही है। पात्र युवा 30 नवंबर तक इंटरनेट के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। निर्धारित तिथि के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि योजना के तहत बारहवीं उत्तीर्ण, दो वर्ष का प्रमाण पत्र अथवा डिप्लोमा धारक युवाओं को 1,200 रुपये प्रतिमाह तथा स्नातक या उससे उच्च शिक्षा प्राप्त अथवा तीन वर्ष का डिप्लोमा धारक युवाओं को 2,000 रुपये प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। पात्रता की शर्तों के अनुसार हरियाणा का मूल निवासी होना और 1 नवंबर 2026 तक राज्य के किसी भी रोजगार कार्यालय में कम से कम लगातार तीन वर्ष से पंजीकृत होना अनिवार्य है।

उत्तर रेलवे

Tender Notice

Sr. Divisional Materials Manager, Northern Railways, Ambala Cantt-133001 for and behalf of the President of India, invites Tender through E-Procurement System (www.ireps.gov.in) for the supply of the below item:-

Sr. No.	E-Tender No.	Description	Qty.	Tender Closing date & Time	EMD (Rs.)
01	98265606A	संलग्न विनिर्देशों (स्पेसिफिकेशन) के अनुसार नॉन–कॉन्टैक्ट लेजर स्कैनिंग, पर आधारित व्हील प्रोफाइल मापन प्रणाली की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग। (निरीक्षण एजेंसी: TPI, चरण–वार निरीक्षण: नहीं, चरण: 0) (UVAM लिंकिंग: (आइटम का प्रकार: सामग्री (आपूर्ति)	09 Nos	23.11.2026 एवं 11.00 hrs	162750

Note: 1. Vendors may visit the IREPS website i.e. www.ireps.gov.in for details. 2. No manual offer will be entertained.
E-Tender Notice No. 98265606A Dated: 28.10.2026 3762/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, नारनौल

रघुनाथपुरा खालड़ा स्थित हनुमान मंदिर पर उप-पुलिस अधीक्षक मुख्यालय की देखरेख में दिनांक 31 अक्टूबर को झूलों की बोली लगाई जाएगी। झूलों की बोली में भाग लेकर बोली लगाने के इच्छुक व्यक्ति दिनांक 31 अक्टूबर को सुबह 10:00 बजे रघुनाथपुरा खालड़ा स्थित हनुमान मंदिर पर पहुंचकर नीलामी में भाग ले सकते हैं। बोली में भाग लेने के लिए 5 लाख रुपये सिक्योरिटी राशि जमा करवानी होगी। नियम व शर्तें मौके पर ही बताई जाएंगी।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: 9728774629

पीआरडीएच-1084/11/5535/2027/50585/88/6 दि. 28.10.26

निलंबित अग्निशमन कर्मियों को बहाल करने के निर्देश

चंडीगढ़। निकायमंत्री विपुल गोयल ने अग्निशमन कर्मचारियों की मांगों को लेकर बीती 11 सितंबर को सरकार के साथ समझौते को लागू करने के लिए संबंधित अफसरों को निर्देश दिए हैं। नपा कर्मचारी संघ हरियाणा राज्य प्रधान और अन्य कर्मियों ने मंत्री के साथ चंडीगढ़ स्थित सरकारी आवास पर मुलाकात की और मीडिया को इस आशय की जानकारी दी। शास्त्री ने बताया कि मंत्री ने फायर कर्मचारियों को 5,000 मासिक जोखिम भत्ता, 7,500 वर्दी भत्ता देने, निलंबित नियमित फायर कर्मचारियों का निलंबन रद्द कर बहाल करने और हड़ताल अवधि का पूरा वेतन दिवाली से पहले जारी करने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उनके नेतृत्व में हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री से मुलाकात कर 11 सितंबर को हुए समझौते को लागू करने तथा कर्मचारियों की लंबित मांगों का शीघ्र समाधान करने की मांग उठाई।

- 11 सितंबर को सरकार के साथ समझौते को लागू करने की तैयारी

गेस्ट टीचर्स के लिए स्पष्ट नीति बनाए सरकार: सैलजा

चंडीगढ़। सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा में लंबे समय से कार्यरत अतिथि अध्यापकों के भविष्य को लेकर चिंता व्यक्त की है।



सांसद ने कहा कि प्रदेश के करीब 12 हजार अतिथि अध्यापक पिछले लगभग 21 वर्षों से सरकारी स्कूलों में सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उनकी नियमितीकरण संबंधी मांग का अब तक समाधान नहीं हो पाया है। सरकार को उनके अनुभव, योगदान और भविष्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए न्यायसंगत नीति बनानी चाहिए। सैलजा ने कहा कि अतिथि अध्यापकों ने विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाएं दे रहे है।

रामलीला मैदान रैली के लिए हरियाणा कांग्रेस ने दिल्ली में बनाई रणनीति

चंडीगढ़। दिल्ली के रामलीला मैदान में एक नवंबर को होने वाली 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली में हरियाणा से अधिक से अधिक भीड़ जुटाने के लिए कांग्रेस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में बुधवार को दिल्ली में कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य एवं सांसद दीपेंद्र हुड्डा के सरकारी आवास पर प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं की बैठक हुई। इसमें नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी संजय दत्त, प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह और सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने रैली की तैयारियों पर मंथन किया। सांसदों, विधायकों, पूर्व सांसदों-विधायकों और पार्टी के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में हरियाणा के कांग्रेस सांसदों और विधायकों के अलावा पूर्व प्रदेश अध्यक्षों, जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों तथा पार्टी के विभिन्न विभागों और प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। नेताओं ने रैली में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

महिला एवं बाल विकास विभाग, नारनौल, हरियाणा

महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा के तहत जिला महेन्द्रगढ़ स्थित नारनौल के आंगनवाड़ी केन्द्रों में पूरक पौषाहार की ढुलाई हेतु ट्रांसपोर्टेशन की ई- निविदाएं आमंत्रित हैं जिसका ई-टैण्डर 2026_HRY_556751_1 है। आमंत्रित निविदाएं दिनांक 17.11.2026 को सुबह 11 बजे खोली जानी हैं तथा निविदाएं दिनांक 16.11.2026 को सायं 5 बजे तक ऑनलाईन अपलोड की जा सकती हैं। दस्तावेज जिनमें नियम व शर्तें शामिल हैं, को वेबसाईट e-tenders.hry.nic.in पर देखी/डाउनलोड की जा सकती हैं।

हस्ता/-जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास
नारनौल

पीआरडीएच-1128/11/731/2027/50579/88/6 दि. 28.10.26

हिसार और फतेहाबाद में सड़कों के सुधार पर खर्च होंगे 23 करोड़

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में सड़कों के सुदृढ़ीकरण, सिंचाई व्यवस्था में सुधार और सरकारी भवनों के नवीनीकरण सहित 76 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य प्रस्तावित किए हैं। इनमें हिसार और फतेहाबाद क्षेत्र के लिए सड़क सुधार की महत्वपूर्ण परियोजनाएं शामिल हैं। फतेहाबाद जिले में टोहाना-धारसूल-रतिया सड़क को राज्य सीमा तक सुधारने के लिए 18.59 करोड़ रुपये तथा फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र की दो सड़कों की मरम्मत और मजबूती पर 4.71 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रस्ताव है।लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़कें) ने कैथल, करनाल, जींद और फतेहाबाद जिलों में लगभग 46.84 करोड़ रुपये की पांच परियोजनाएं प्रस्तावित की हैं। वहीं, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग ने करनाल जिले में 28.86 करोड़ रुपये की दो प्रमुख परियोजनाएं चिह्नित की हैं। फतेहाबाद जिले को सड़क परियोजनाओं से मिलेगी राहतफतेहाबाद जिले में टोहाना-धारसूल-रतिया सड़क को राज्य सीमा तक सुधारने के लिए नाबार्ड योजना के तहत 18.59 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत निर्धारित की गई है।

एक नवंबर से जीएसटी के कई नियम बदलेंगे, रिफंड प्रक्रिया होगी तेज

योगेंद्र शर्मा ⏭ चंडीगढ़

- जीएसटी रिफंड की पावती देने की समय-सीमा 15 से घटाकर 10 दिन की
- रीट्रेडेड ट्रैक्टर टायर पर कर 18 से घटाकर 5 प्रतिशत किया

एक नवंबर से जीएसटी व्यवस्था में कई अहम बदलाव लागू होने जा रहे हैं। केंद्र सरकार ने जीएसटी परिषद की सिफारिशों के आधार पर रिफंड, पंजीकरण और कर अनुपालन से जुड़े नियमों में संशोधन अधिसूचित किए हैं। इनका उद्देश्य रिफंड प्रक्रिया को तेज करना, पात्र ऑनलाइन विक्रेताओं के लिए पंजीकरण आसान बनाना और कबाड़ से जुड़े चुनिंदा लेनदेन में कर अनुपालन को मजबूत करना है। इसके साथ ही रीट्रेडेड ट्रैक्टर टायर पर जीएसटी की दर 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। जीएसटी रिफंड आवेदनों पर कार्रवाई की समय-सीमा घटाई गई है। अब कर अधिकारियों को आवेदन मिलने के 10 दिन के भीतर पावती जारी करनी होगी या आवेदन में कमियां होने पर इसकी सूचना देनी होगी। पहले यह समय-सीमा 15 दिन थी। यदि निर्धारित अवधि में पावती जारी नहीं की जाती या कमियां नहीं बताई जातीं, तो आवेदन को पावती जारी होने के समान माना जाएगा। इसके अलावा, पावती जारी होने के तीन कार्य दिवसों के भीतर जीएसटी पोर्टल के माध्यम से जोखिम आधारित प्रणाली के तहत अनंतिम रिफंड स्वीकृति आदेश जारी करने की व्यवस्था की गई है। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि रिफंड की राशि तीन दिन में ही करदाता के बैंक खाते में पहुंच जाएगी। नियम 14बी के तहत ई-कॉमर्स ऑपरेटरों के माध्यम से सामान बेचने वाले पात्र आपूर्तिकर्ताओं के लिए विशेष पंजीकरण व्यवस्था की गई है। इसके तहत वे ई-कॉमर्स ऑपरेटर के गोदाम को अपना प्रमुख कारोबारी स्थान घोषित कर सकेंगे।

मंडियों में बेचा जा रहा यूपी का धान : इनेलो

चंडीगढ़। इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने हरियाणा की मंडियों में उत्तर प्रदेश से सस्ता धान लाकर बेचने के चल रहे खेल पर सरकार को घेरते हुए कहा कि सरकार किसानों के साथ घोर विश्वासघात कर रही है। करनाल, इंद्री और घरौंडा की अनाज मंडियों में बिना गेट पास के उत्तर प्रदेश का धान खुलेआम खरीदा जा रहा है। यूपी नंबर की पिकअप गाडियों और लोकल ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के जरिए धान पहुंचाया जा रहा है। स्थानीय किसानों के रकबे पर यूपी का धान चढ़ाकर रिकॉर्ड में हेरफेर किया है। रकबे में हेराफेरी, फर्जी खरीद और आधिकारिक रिकॉर्ड में घोटाला साफ दिखाई दे रहा है। चौटाला ने आरोप लगाया कि यह बहुत बड़ा धान घोटाला है जिसे अधिकारियों के साथ मिलीभगत करके पिछले कई सालों से अंजाम दिया जा रहा है।

बागवानी प्रशिक्षण के लिए उचानी में लगेगा शिविर

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार के बागवानी विभाग के अंतर्गत उद्यान प्रशिक्षण संस्थान, उचानी (करनाल) द्वारा नवंबर माह में विभिन्न विषयों पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है ताकि वे वैज्ञानिक तरीकों से खेती कर अपनी आय बढ़ा सकें। राज्य के सभी जिलों के इच्छुक प्रशिक्षार्थी उद्यान विभाग की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उद्यान विभाग प्रवक्ता ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए प्रार्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी अनिवार्य है तथा प्रशिक्षियों का चयन 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर किया जाएगा। पंजीकृत प्रशिक्षार्थियों को अपने साथ आधार कार्ड, बैंक पास बुक और पैन कार्ड जैसे जरूरी दस्तावेज लेकर आने होंगे। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षार्थियों के ठहरने व खाने की व्यवस्था पूरी तरह निःशुल्क रहेगी तथा उन्हें बस किराया डीबीटी के माध्यम से प्रदान किया जाएगा। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि जो प्रशिक्षार्थी पूर्व में इन विषयों पर प्रशिक्षण ले चुके हैं, वे पुनः उन्हीं विषयों पर अपना पंजीकरण न करवाएं।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	पं. भ.द. शर्मा यूएचएस रोहतक	स्टेशनरी मदों हेतु दर अनुबंध।	04.11.2026 04.12.2026	10,000/-	www.uhsr.ac.in	8950152059 general@uhsr.ac.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/50600/I/88/6 दि. 28.10.26

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	विद्यालय शिक्षा बोर्ड हरियाणा, भिवानी	एचटीईटी परीक्षा-2026 के लिए वाहन किराये पर लेना।	27.10.2026 03.11.2026	5,00,000/-	http://www.bseh.org.in	9466568111 ascc@bseh.org.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/50556/I/88/6 दि. 28.10.26

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/JSO/1477

मनकि सन्दीप पुत्र धर्मसिहं पुत्र चन्दन, निवासी एवं बिस्वेदार गांव पेलपा, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2020–21, के अनुसार खेवट न0 65 मिन/38, खाता न0 66 मिन, मु0 न0 73, किला न0 16/1(3–18) में से मिन दक्षिण पश्चिम (0–10), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 10 मरले (0.0625 एकड़) सालम भाग, वाका रकबा मौजा पेलपा, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 0 कनाल 10 मरले (0.0625 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

SW/JSO/1478+1479

हमकि नरेश यादव पुत्र औमप्रकाश पुत्र महासिहं, निवासी एवं बिस्वेदार गांव फतेहपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर व प्रमिला पत्नी राजकुमार पुत्र बलबीर सिहं, निवासी बी–31, ब्लॉक–बी, राजीव नगर, फेस–1, बेगमपुर, सुल्तानपुरी सी–ब्लॉक, उत्तरी पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली–110086 एवं बिस्वेदार गांव फतेहपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2023–24, के अनुसार खेवट न0 83 मिन/72, खाता न0 84 मिन, मु0 न0 19, किला न0 16/2/3(1–17), 25/1/2(2–0), किते 2, तादादी रकबा 3 कनाल 17 मरले सालम भाग (जिसमें नरेश यादव 2/3 भाग व प्रमिला 1/3 भाग) व खेवट न0 85/72, खाता न0 86, मु0 न0 19, किला न0 16/2/2(0–4), 17/1(0–3), किते 2, तादादी रकबा 0 कनाल 7 मरले का 237/881 भाग, बकदर 0 कनाल 1.88 मरला (जिसमें नरेश यादव 158/881 भाग व प्रमिला 79/881 भाग), उपरोक्त दोनों खेवटों से कुल तादादी रकबा 3 कनाल 18.88 मरले (0.493 एकड़) वाका रकबा मौजा फतेहपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 19, किला न0 16/2/3(1–17), 25/1/2(2–0), किते 2, तादादी रकबा 3 कनाल 17 मरले व खेवट न0 85/72, खाता न0 86, किते 2, तादादी रकबा 0 कनाल 7 मरले का 237/881 भाग, बकदर 0 कनाल 1.88 मरला, उपरोक्त कुल तादादी रकबा 3 कनाल 18.88 मरले (0.493 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 28.10.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरुग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, रोहतक

नीलामी नीलामी नीलामी

जिला स्तरीय कमेटी द्वारा जिला रोहतक के निम्नलिखित नाकारा स्कूल भवनों की नीलामी की जानी है। स्कूल के सामने निर्धारित न्यूनतम राशि अंकित है। नाकारा भवनों की नीलामी सम्बन्धित स्कूल प्रांगण में उसके सामने अंकित तिथि एवं समय अनुसार होगी। बोलीदाता को बोली से पूर्व धरोहर राशि के रूप में रुपए 25000/- (रुपए पच्चीस हजार केवल) का बैंक ड्राफ्ट जिला शिक्षा अधिकारी रोहतक के नाम जमा करवाना होगा, बिना बैंक ड्राफ्ट जमा किए बोलीदाता नीलामी में बोली का हकदार नहीं होगा।

No.	School Name	Amount (Lacs)	Date	Time Slot
1	GGSSS Bainsi	3.67	30.10.2026	10:00:00
2	CMEEE GSSS Kharak Jattan	0.34	30.10.2026	12:00:00
3	GSSS Bahau Akbaurpur	0.45	02.11.2026	09:30:00
4	GSSS Bharan	0.33	02.11.2026	11:00:00
5	GGHS Bharan	1.53	02.11.2026	12:30:00
6	GGHS Gorawar	0.7	02.11.2026	14:00:00
7	GHS Basana	3.91	04.11.2026	10:00:00
8	GSSS Gudhan	4.84	04.11.2026	12:00:00
9	GSSS Nigana	0.6	05.11.2026	10:00:00
10	GSSS Marodhi Jattan	2.19	05.11.2026	12:00:00
11	GGSSS Kansala	4.43	10.11.2026	09:30:00
12	GSSS Dattaur	1.09	10.11.2026	11:30:00
13	GHS Kultana	1.999	10.11.2026	14:00:00
14	GSSS Rurki	2.7	12.11.2026	09:30:00
15	GSSS Bhalaut	5.14	12.11.2026	11:30:00
16	GGSSS Assan	1.24	12.11.2026	14:00:00
17	CMEEE GSSS Brahmanwas	2.19	13.11.2026	10:00:00
18	GGSSS Gandhi Nagar, Rohtak	0.54	13.11.2026	13.00:00

CONDITIONS :-

a. Every Bidder will have to deposit a sum of Rs. 25000/- in shape of Bank Demand Draft Drawn in favour of District Education Officer Rohtak & Payable at Rohtak, the undersigned to qualify for bidding which will be refunded at the end of auction except for successful bidder.
b. The successful bidder will have to deposit 25% of the amount of bid at the fall of hammer and remaining 75% will be deposited after the approval is given to him in case of failure all deposited money will be forfeited.
c. An additional amount of 10% of total bid money will have to be deposited by the successful bidder as security in Demand Draft in favour of the District Education Officer Rohtak which will be refunded after completion of work.
d. The Building is to be demolished and site should be cleared within one month of issue of approval, falling which the remaining salvage will be taken in the Government Possession and no claim what so ever will be entertained
e. Any information in this regard can be had from the office of the District Education Officer Rohtak
f. The Jurisdiction of court for any dispute between the parties be at Rohtak
g. In case due to unavoidable circumstances the possession of the building to be dismantled is not given in time then no extra compensation will be paid to the contractor only extension in time will be granted.

हस्ता/- जिला शिक्षा अधिकारी,
पीआरडीएच-1032/11/500/2027/50550/88/6 दि. 28.10.26 रोहतक



रोहतक

गुरुवार 29 अक्टूबर 2026

कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 30, अंक : 266
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 32.8
न्यून. 13.7

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





खबर संक्षेप

पाक जासूसी मामले में आंध्र से दो और पकड़े

अमरावती। आंध्र प्रदेश पुलिस ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंट (पीआईओ) से जुड़े जासूसी के मामले में दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि पीआईओ ने भारतीय सिम कार्ड से जुड़े ओटीपी का इस्तेमाल व्हाट्सएप अकाउंट चालू करने के लिए किया। गिरफ्तार किए गए दोनों व्यक्ति बिहार के रहने वाले हैं। यह गिरफ्तारी 'ऑपरेशन फायरवॉल-2026' के दूसरे चरण के दौरान की गई है। भाषा

कैंसर की 543 दवाएं 9 नवंबर से होंगी सस्ती

नई दिल्ली। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने बुधवार को विभिन्न ब्रांड की कैंसर रोधी 543 दवाओं की अधिकतम खुदरा कीमतों में कटौती की। नई दरें नौ नवंबर से लागू होंगी। इससे मरीजों को राहत मिलेगी। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के औषधि विभाग की आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, एनपीपीए की संशोधित सूची में 27 अक्टूबर 2026 तक दवा कंपनियों से प्राप्त जानकारी शामिल है। भाषा

आजम की 426 करोड़ की संपत्ति अटैच

प्रयागराज। प्रवर्तन निदेशालय के लखनऊ जोनल ऑफिस ने सपा के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खान की रामपुर स्थित मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी की जमीन और इमारतों को अटैच करने की कार्रवाई की है। मनी लॉन्ड्रिंग केस में अटैच की गई संपत्ति की कीमत 426.46 करोड़ रुपये आंकी गई है। *एजेंसी*



रक्षा मंत्रालय सेवा नियमों पर स्पष्ट कानून बनाए

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने रक्षा मंत्रालय के नियमों, विनियमों और नीतियों को लेकर बनी अनिश्चितता पर चिंता जताई और कहा कि अब समय आ गया है कि मंत्रालय कर्मचारियों की सेवा से जुड़े मामलों के लिए व्यापक व स्पष्ट नियम बनाए। पीठ ने युद्ध के दौरान लगी चोट के कारण सेना में काम करने के योग्य नहीं रहे सैन्यकर्मियों को पेंशन देने के मामले में केंद्र के अनुरोध को खारिज कर दिया।

गुरुग्राम-नूंह में निजी बिजली कंपनी का पैरेलल लाइसेंस रद्द

प्रदेश सरकार का बड़ा फैसला, एचईआरसी ने 9 दिन पहले दिया था लाइसेंस, कर्मचारी बोले-हम शेयर मार्केट लिस्टिंग के भी खिलाफ

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) ने गुरुग्राम और नूंह जिलों में समानांतर(पैरेलल) बिजली वितरण के लिए निजी कंपनी को दिया गया लाइसेंस बुधवार को रद्द कर दिया। फैसले को प्रदेश में बिजली निजीकरण की कोशिशों पर रोक के रूप में देखा जा रहा है। आयोग के कार्यकारी चेयरमैन मुकेश गर्ग और सदस्य शिव कुमार की पीठ ने पंचकूला में यह आदेश जारी किया। बता दें कि आयोग ने 9 दिन पहले ही दो जिलों गुरुग्राम और नूंह में बिजली सप्लाई के लिए यह लाइसेंस जारी किया था। इसके विरोध में बिजली कर्मचारी सड़कों पर उतर आए थे और उन्होंने 22 से 24 अक्टूबर तक हड़ताल का ऐलान कर दिया था। 45 घंटे चली हड़ताल के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और बिजली मंत्री अनिल विज ने यूनियन नेताओं को आश्वासन दिया था कि हरियाणा में बिजली महकमे का कोई निजीकरण नहीं होगा।



सरकार ने लिखा था पत्र

इसके बाद राज्य सरकार ने इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 2003 की धारा 108 का इस्तेमाल करते हुए एचईआरसी को पत्र लिखा था। इस पर आयोग के कार्यकारी चेयरमैन मुकेश गर्ग और सदस्य शिव कुमार की बेंच ने सुनवाई करते हुए लाइसेंस को कैंसिल करने का आदेश दिया।

पैरेलल लाइसेंस देना तो महज एक पहलू : रविंद्र

आयोग ने कंपनी की सुनवाई की मांग को भी खारिज कर दिया। उधर, इस फैसले पर कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के प्रवक्ता रविंद्र घनघस ने पैरेलल लाइसेंस देना तो महज एक पहलू है। हम बिजली क्षेत्र में प्राइवेटाइजेशन के अन्य पहलुओं पर भी निरंतर मंथन और चिंतन कर रहे हैं। इसके अलावा हम सरकारी बिजली कंपनियों के शेयर मार्केट में उतरने के भी खिलाफ हैं।

सरकार ने ये वजह बताई

- **जनता और कर्मचारियों का विरोध** सरकार ने माना कि निजी कंपनी को लाइसेंस मिलने के बाद आम जनता, किसानों, उपभोक्ताओं और बिजली कर्मचारियों में भारी आक्रोश व आशंकाएं पैदा हो गई थीं।
- **सरकारी डिस्कॉम पर वित्तीय संकट** निजी कंपनी केवल मुनाफे वाले बड़े ग्राहकों को बिजली बेचती, जिससे सरकारी बिजली कंपनियों को भारी घाटा होता और इसका सीधा बोझ आम उपभोक्ताओं पर पड़ता।
- **सार्वजनिक हितों की रक्षा** बिजली ढांचे के दोहराव और वित्तीय नुकसान से बचने के लिए सरकार को नीति के तहत हस्तक्षेप कर इस फैसले पर रोक लगानी पड़ी।

दिवाली गिफ्ट

केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 3% बढ़कर 63% हुआ

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में तीन प्रतिशत बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी। इससे 1.17 करोड़ से अधिक केंद्रीय कर्मियों व पेंशनधारकों को लाभ होगा। इनमें 48.54 लाख कर्मी और 68.71 लाख पेंशनधारक शामिल हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिवाली से पहले महंगाई भत्ता (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) बढ़ाने का फैसला किया है। यह बढ़ोतरी एक जुलाई, 2026 से प्रभावी होगी। ताजा बढ़ोतरी के बाद कर्मचारियों और पेंशनर्स का महंगाई भत्ता यानी डीए 63% हो जाएगा। सरकार इसपर 10,016 करोड़ रुपये खर्च करेगी। इस फैसले से त्योहारों के सीजन में कर्मियों व पेंशनभोगियों को सीधा आर्थिक फायदा मिलेगा और पिछले महीनों का एरियर भी खाते में आएगा।

48 लाख कर्मियों 68 लाख पेंशनर्स को फायदा

नई दरें 1 जुलाई, 2026 से लागू, आठवें वेतन आयोग में होगा मर्ज

एचकेआरएनएल कर्मियों का वेतन 5 फीसदी बढ़ाया

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। हरियाणा कौशल रोजगार निगम लि. (एचकेआरएनएल) के माध्यम से तैनात कर्मचारियों के वेतन में 5% की बढ़ोतरी की गई है। निगम ने बुधवार को ये आदेश जारी किए हैं। बढ़ी दरें 1 जुलाई 2026 से लागू होंगी। सरकार ने नई दरें कर्मचारियों के एक्सपीरियंस और जिले की कैटेगरी के आधार पर तय की हैं। कर्मचारियों का एक्सपीरियंस 2 कैटेगरी में बांटा है। उनके बेसिक रेट में 10% और 20% अधिक वेतन मिलेगा। यह आदेश सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, मंडलायुक्तों, उपायुक्तों, बोर्ड-निगमों और विश्वविद्यालयों को भेजा है। इस फैसले से करीब 1.15 लाख कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। कर्मचारियों के वेतन में 800 से 1,500 रुपये तक की वृद्धि होगी।

तीन लेवल में वेतन दरें तय

- कैटेगरी-I : वेतन 21,950 से 31,890 रुपये।
- कैटेगरी-II : वेतन 19,380 से 28,730 रुपये।
- कैटेगरी-III : वेतन 17,910 से 27,040 रुपये।

अनुभव के आधार पर 20% तक अतिरिक्त वेतन : पांच साल तक के एक्सपीरियंस वाले कर्मचारियों को निर्धारित बेस रेट मिलेगा। 5 से 10 साल का अनुभव होने पर बेस रेट से 10 फीसदी और 10 साल से अधिक अनुभव होने पर कर्मचारियों को 20% अधिक वेतन मिलेगा।



तूफान अर्नब से आंध्रप्रदेश में तबाही, 5 लोगों की मौत

विशाखापट्टनम/भुवनेश्वर। बंगाल की खाड़ी से उठा चक्रवाती तूफान 'अर्नब' मंगलवार देर रात 3:30 बजे आंध्र प्रदेश के तट से टकराया। यहां 125 से 135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाओं के साथ तेज बरसात हो रही है। इससे आंध्र प्रदेश में 5 लोगों की मौत हो गईं। राज्य में कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए। 57 हजार लोगों को शिफ्ट किया गया है। तूफान के कारण 50 ट्रेनें और विजयवाड़ा-विशाखापट्टनम एयरपोर्ट पर 21 फ्लाइट्स रद्द की गईं। 13 शहरों में अचानक बाढ़ आने का अलर्ट जारी किया गया है। ओडिशा में भारी बारिश के चलते 16 जिलों में स्कूल बंद हैं। यहां 30 हजार लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। आंध्र प्रदेश और ओडिशा में 4,000 साइक्लोन शेल्टर बनाए गए हैं।

57 हजार लोग शिफ्ट, 50 ट्रेनें-21 फ्लाइट रद्द

एमपी-यूपी में भी भारी बारिश का अलर्ट

इन राज्यों में अलर्ट

हरियाणा, यूपी, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, मप्र, महाराष्ट्र, झारखंड, बिहार व बिहार में 29-30 अक्टूबर को कुछ जगहों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

कई डिब्बे मलबे में बदले 179 से अधिक घायल

स्पेन में दो हाईस्पीड ट्रेनों की टक्कर, 68 की मौत

मैड्रिड(एजेंसी)। स्पेन में बुधवार को दो हाईस्पीड ट्रेनों की भीषण टक्कर में 68 लोगों की मौत हो गई, जबकि 179 अन्य घायल हो गए। हादसा टोलेडो प्रांत में मोरा और ओरगाज कस्बों के बीच हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कई डिब्बे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और उनका मलबा बिखर गया। स्पेनिश मीडिया के मुताबिक, हादसा स्थानीय समयानुसार सुबह करीब नौ बजे हुआ। दोनों ट्रेनें सरकारी कंपनी रेनफे और निजी कंपनी इर्यो की थीं। इनकी रफ्तार आमतौर पर 200 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक होती है। जानकारी के अनुसार, एक ट्रेन ने दूसरी को पीछे से टक्कर मारी। हालांकि, दुर्घटना की सटीक वजह अभी स्पष्ट नहीं है। जांच में पता लगाया जाएगा कि ट्रेन समय रहते क्यों नहीं रुक सकी। सिग्नलिंग सिस्टम में संभावित खराबी, ब्रेकिंग सिस्टम और चालक की भूमिका समेत सभी पहलुओं जांच होगी।

सिग्नल और ब्रेकिंग सिस्टम की होगी जांच, रेनफे का चालक लापता

9 माह में दूसरी बड़ी दुर्घटना जनवरी में गई थी 46 की जान

चार राज्यों की 28 एमएलसी सीटों के नतीजे घोषित

बैलेट पेपर से वोटिंग में भी नहीं खुला कांग्रेस का खाता

लखनऊ/पटना/बेंगलुरु/मुंबई। मतदाता सूची पर सवाल उठाने वाली कांग्रेस को 4 राज्यों के विधान परिषद चुनावों में करारा झटका लगा है। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और कर्नाटक में 28 एमएलसी सीटों के चुनाव में कांग्रेस अपनी पिछली चारों सीटें नहीं बचा पाई। वहीं राजग ने चारों राज्यों में 16 सीटें जीती हैं। एमएलसी चुनावों के रिजल्ट पर पीएम नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा, '4 बड़े राज्यों- उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार व कर्नाटक में 28 सीटों पर चुनाव हुए। वोटिंग बैलेट पेपर से हुई। अंदाजा लगाइए कांग्रेस ने कितनी सीटें जीतीं।' दरअसल, पहले इन 28 सीटों में से कांग्रेस के पास 4 सीटें थीं। पार्टी इन चुनावों में एक भी सीट नहीं जीत पाई है। उत्तर प्रदेश में शिक्षक और स्नातक कोटे की 11 सीटों में से नौ के नतीजे घोषित होने तक भाजपा ने छह और समाजवादी पार्टी ने तीन सीटें जीती थीं। गोरखपुर में भाजपा के ध्रुव त्रिपाठी ने निर्दलीय प्रत्याशी राजीव यादव को महज 307 वोटों से हराया।

कांग्रेस चारों सीटें हारीं, 16 सीटें राजग जीता

मोदी का तंज- वोटिंग बैलेट से हुई, तो कितनी सीटें मिलीं


सतीश सैनी होंगे एचपीएससी के नए चेयरमैन

चंडीगढ़(ब्यूरो)। पूर्व एचसीएस सतीश कुमार सैनी हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) के नए चेयरमैन होंगे। वे 22 अक्टूबर को सेवानिवृत्त (रिटायर) हुए आलोक वर्मा की जगह लेंगे। करीब एक सप्ताह से यह पद खाली चल रहा था। सैनी 2011 बैच के एचसीएस हैं और मूल रूप से सोनीपत जिले के गोहाना के निवासी हैं। भाजपा सरकार के दूसरे कार्यकाल के दौरान वे तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल के ओएसडी रहे थे। वे जनवरी 2020 से फरवरी 2022 तक इस पद पर तैनात रहे। इसके बाद उन्हें एचपीएससी में डिप्टी सेक्रेटरी नियुक्त किया गया था। 23 अक्टूबर को ही सैनी ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) ली थी। अब गुरुवार को वे पद की शपथ लेंगे। बता दें कि आयोग में एक चेयरमैन और चार सदस्य होंगे। वर्तमान में आनंद कुमार शर्मा, ज्योति बैंदा, ममता यादव और डॉ. सोनिया त्रिखा सदस्य हैं। आने वाले वक्त में एक सदस्य की नियुक्ति होने की संभावनाएं हैं।



2011 बैच के एचसीएस अफसर

पिछले सप्ताह ही वीआरएस लिया



VCJ
Rajesh Shriniwas Verma
Sahil Verma
Vishal Verma
VISHAL CHAIN & JEWELLERY PVT. LTD.
Scan & Follow us
vishalchainkarolbagh
Mfrs. Wholesalers, Retailers & Exporters of
GOLD CHAINS | GOLD JEWELLERY | DIAMOND JEWELLERY
2608, 1st Floor, Bank Street, Gurudwara Road, Karol Bagh, New Delhi-110005
Phone : +91-11-46032100, 42878100
Chain Section : 9899093000, 9810621000
Gold Jewellery Sec. : 9899793000
75% Chain Sec. : 9810112301
Diamond Jewellery Sec. : 8586916916
e-mail : vcjrajesh@yahoo.in
www. vcjvishalchain.in
SUNDAY OPEN

'यूएई ने फर्स्ट क्लास ऑर्डर ऑफ जायद 2' से नवाजा

भारतीय कैप्टन मच्छार को किया सम्मानित

दुबई (भाषा)। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने भारतीय पायलट स्मित मच्छार और फ्लाईदुबई के चालक दल के अन्य सदस्यों को 'फर्स्ट क्लास ऑर्डर ऑफ जायद 2' से सम्मानित किया है। दुबई-तेल अवीव उड़ान के दौरान हमले की कोशिश को नाकाम कर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में उनके साहसिक प्रयास के लिए यह सम्मान दिया गया है। दुबई में सरकारी मीडिया कार्यालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि दुबई के युवराज, उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने ये पदक प्रदान किए। उन्होंने चालक दल के कार्यों और उनकी जिम्मेदारी की भावना की सराहना की।

फ्लाईदुबई के चालक दल को दिया गया सम्मान



स्मित को यूएई की पहचान बताया

दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, कैप्टन स्मित मच्छर ने हिम्मत, जिम्मेदारी और इंसानी जान की परवाह करने की मिसाल पेश की। हमें गर्व है कि वे हमारी टीम का हिस्सा हैं, हमारे देश की कहानी का हिस्सा हैं और यूएई की पहचान का हिस्सा हैं।

को-पायलट ने कुल्हाड़ी से किया हमला

30 सितंबर को फ्लाईदुबई की फ्लाइट एफजेड 1073 दुबई से तेल अवीव जा रही थी। इसी दौरान विमान के को-पायलट ने कॉकपिट में कैप्टन मच्छर पर हमला कर दिया। हमले में कैप्टन घायल हो गए। उन्होंने बताया था कि को-पायलट ने सिर पर कई वार किए। को-पायलट ने विमान को गिराने की कोशिश में कैप्टन पर कॉकपिट में ही मौजूद इमरजेंसी कुल्हाड़ी से हमला किया था। इस दौरान मच्छार ने विमान से हाईजैक का संकेत भी भेजा था।

शीर्ष पैरा एथलीट नीरज यादव ने की आत्महत्या

नई दिल्ली(भाषा)। एशियाई पैरा खेलों के स्वर्ण पदक विजेता नीरज यादव ने अपने घर पर जहर खाकर आत्महत्या कर ली है। बताया जा रहा है कि डोपिंग के लिए निलंबित किए जाने के कारण आइची-नागोया एशियाई पैरा खेलों में भाग नहीं ले पाने और एक महिला के साथ उनकी दोस्ती टूटने के बाद वह तनाव में थे। बुधवार को उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए दिल्ली के जीटीबी अस्पताल ले जाया गया। उनके आत्महत्या करने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पैरा-एथलेटिक्स टीम के मुख्य कोच एस सत्यनारायण ने कहा कि नीरज ने आत्महत्या कर ली। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।



पुलिस को प्रेम प्रसंग का संदेह

दो बार एशियाई चैंपियन रहे

खबर संक्षेप



चार देसी पिस्तौल और 16 कारतूस के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

करनाल। पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चार देसी पिस्तौल, 16 कारतूस और वारदात में इस्तेमाल एक मोटरसाइकिल बरामद की है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक करन गोयल, आईपीएस के मार्गदर्शन में सीआईए-3 की टीम ने की। सीआईए-3 प्रभारी निरीक्षक अजेय कुमार के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक प्रदीप कुमार और अन्य पुलिस कर्मचारियों की टीम ने गुप्त सूचना पर देर रात निसिंग रोड स्थित शाहपुर मोड़ से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान विजय पुत्र रोहतास, निवासी गांव कौंड, थाना घरौंडा, हाल किरायेदार तथा शुभम पुत्र राजू, निवासी गांव पुंडरी, थाना घरौंडा, जिला करनाल के रूप में हुई है।

खाद के साथ नैनो डीएपी जबरन देने पर हंगामा

गुरुग्राम। फर्रुखनगर में इफको के प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र पर खाद खरीदने पहुंचे किसानों ने नैनो डीएपी जबरन देने पर हंगामा कर दिया। किसानों का आरोप है कि केंद्र पर डीएपी खाद की पांच बोरियां लेने के साथ 600 रुपये की नैनो डीएपी की बोतल भी जबरन दी जा रही है। किसानों ने इस अतिरिक्त उत्पाद की रसीद नहीं देने और बोतल लेने से मना करने पर डीएपी खाद नहीं देने का आरोप लगाया है। किसानों ने आरोप लगाया कि जब वे नैनो डीएपी की बोतल लेने से मना करते हैं तो उन्हें डीएपी खाद देने से भी इनकार कर दिया जाता है। किसानों ने इसे खाद के साथ अन्य उत्पाद खरीदने के लिए मजबूर करने का मामला बताते हुए संबंधित अधिकारियों से जांच कराने की मांग की है।

पिता का खाता ठगों को दिया, आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। मातृ वंदना योजना के तहत 6000 रुपये की सहायता राशि दिलाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक महिला के बैंक खाते से 1,48,754 रुपये निकाल लिये। साइबर थाना एनआईटी की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी अक्षय उर्फ रोहित निवासी मुम्बी, जिला झुंझुनू, राजस्थान को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि उसने अपने पिता का बैंक खाता ठगों को उपलब्ध करवाया था। ठगी के 96,754 रुपये इस खाते में आए थे।

सोनीपत, झज्जर और नूंह में भ्रष्टाचार पर कसा शिकंजा, 4 गिरफ्तार

वक्फ बोर्ड सोनीपत के एस्टेट ऑफिसर और रेंट क्लर्क 3 लाख रिश्वत लेते काबू

- गोहाना में दुकानों के प्लॉट की लीज की भुगतान की रसीदें न देने का आरोप
- एक निजी व्यक्ति भी मामले में बताया जा रहा फरार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हरियाणा वक्फ बोर्ड, सोनीपत में तैनात एस्टेट ऑफिसर मोहम्मद सलीम और रेंट क्लर्क मोहम्मद ताहिर को 3 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। मामले में एक निजी व्यक्ति सलीम की भूमिका भी सामने आई है, जो फिलहाल फरार बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता तथा उसके तीन सहयोगियों ने पिछले वर्ष गोहाना में दुकानों के प्लॉट की लीज के लिए हरियाणा वक्फ बोर्ड में आवेदन किया था। आवेदन प्रक्रिया के दौरान शिकायतकर्ता से अलग-अलग समय पर लगभग 3 लाख रुपये की राशि ली गई थी, लेकिन उन्हें इन भुगतानों की रसीदें जारी नहीं की गईं। करीब एक माह पहले निजी व्यक्ति सलीम ने शिकायतकर्ता को बताया कि उनकी और उनके सहयोगियों की फाइलों पर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इसके बाद उन्हें 3 लाख रुपये लेकर वक्फ बोर्ड कार्यालय, सोनीपत आने के लिए कहा गया, जहां रसीदें जारी करने और लीज समझौते से संबंधित शपथपत्र लेने की बात कही गई। आरोप है कि जब शिकायतकर्ता ने रसीदों में दर्ज की जाने वाली राशि के बारे में पूछा तो उसे स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई।

शिकायत के आधार पर एसीबी ने कार्रवाई करते हुए गोहाना-खरखौदा रोड पर श्री श्याम स्वीट्स के नजदीक ट्रैप लगाया। इस दौरान वक्फ बोर्ड, सोनीपत में तैनात एस्टेट ऑफिसर मोहम्मद सलीम निवासी नूंह और रेंट क्लर्क मोहम्मद ताहिर निवासी पटौदी को 3 लाख रुपये की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। यह ट्रैप एसीबी यूनिट जींद द्वारा लगाया गया। कार्रवाई के दौरान राजपत्रित अधिकारी के रूप में शशांक, एक्सईएन, हरियाणा राज्य सड़क एवं पुल विकास निगम जींद मौजूद रहे।

नूंह में 80 हजार रुपये रिश्वत लेते जिला नगर योजनाकार कार्यालय का जेई रंगे हाथों गिरफ्तार

नूंह। हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जिला नगर योजनाकार कार्यालय, नूंह में तैनात जूनियर इंजीनियर (जेई) सलीम को 80 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी पर शिकायतकर्ता के नए निर्माण कार्य के संबंध में कोई कार्रवाई नहीं करने की एवज में रिश्वत मांगने का आरोप है। शिकायतकर्ता ने एसीबी को शिकायत दी थी कि जिला नगर योजनाकार कार्यालय में तैनात जेई सलीम उससे 80 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा है। आरोप है कि शिकायतकर्ता और उसके चचेरे भाई, जो ठेकेदार हैं, द्वारा किए जा रहे नवनिर्माण कार्य पर कार्रवाई नहीं करने के बदले आरोपी ने उक्त राशि की मांग की थी। इसके बाद ट्रैप कार्रवाई एसीबी यूनिट पलवल के प्रभारी इंस्पेक्टर राजकुमार के नेतृत्व में की गई। ट्रैप के दौरान राजपत्रित अधिकारी के रूप में डॉ. शारिश यादव, पशु चिकित्सा सर्जन, राजकीय पशु चिकित्सालय, पलवल मौजूद रहे।



पांच हजार की रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

झज्जर। राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रोहतक की टीम ने शहर के पटवार भवन में सुलोधा हलके के पटवारी सुमित सहरावत को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के गांव बाबरा निवासी तेजपाल ने शिकायत दी थी कि उसे अपनी चार किला जमीन का अपने और भाइयों के नाम विरासत इंतकाल दर्ज करवाना था। आरोप है कि इस काम को जल्द और सही तरीके से करने के बदले पटवारी ने उससे पांच हजार रुपये रिश्वत मांगी थी। शिकायत के आधार पर ब्यूरो ने कार्रवाई करते हुए निरीक्षक देवेंद्र के नेतृत्व में टीम गठित की और आरोपी को रिश्वत लेते हुए पटवार भवन से गिरफ्तार किया है। इस संबंध में राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टचार निरोधक ब्यूरो टीम द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।



मौसी के बेटे ने रिश्ता टूटने से खफा होकर मंगेतर को मारे चाकू

- घर पर अकेली थी युवती, चाकू के वार से गर्दन पर आए 20 टांके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

देवधर गांव में मंगलवार देर शाम एक युवक ने रिश्ता टूटने से नाराज होकर घर में घुसकर मंगेतर पर चाकू से हमला कर दिया। घटना के समय युवती घर पर अकेली थी। हमले में घायल युवती को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी गर्दन पर गहरा घाव होने के कारण करीब 20 टांके लगाने पड़े।

पुलिस के अनुसार, मंगलवार देर शाम युवती अपने घर पर अकेली थी। इसी दौरान एक युवक घर में घुस आया और उस पर चाकू से वार कर दिया। आरोपी को युवती की मौसी का लड़का बताया जा रहा है। युवती पर हमला करने के बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच कर रही है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि रिश्ता टूटने से युवक नाराज था। पुलिस घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं और उसे जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

टोल न देने पर अड़े तीन कारों में सवार युवकों ने की तोड़फोड़

बापौली। पानीपत में हरिद्वार हाइवे पर गांव सनौली के पास तामशाबाद टोल प्लाजा पर मंगलवार रात टोल टैक्स की पर्ची को लेकर जमकर बवाल हुआ। हरियाणा से उत्तरप्रदेश की ओर जा रही तीन कारों में सवार लोगों ने टोल टैक्स देने को लेकर कर्मचारियों से विवाद शुरू कर दिया। आरोप है कि बहसबाजी के बाद कार सवारों ने टोल कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार किया, मारपीट करते हुए तोड़फोड़ कर दी। हंगामे में तीन टोल कर्मचारी घायल हो गए। विवाद बढ़ने पर टोल कर्मियों को मौके से हटना पड़ा। वहीं, आरोप है कि इसके बाद कार सवारों ने आसपास के गांवों से करीब 50 लोगों को मौके पर बुला लिया। पूरी घटना टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। टोल प्लाजा प्रशासन की शिकायत मिलने के बाद थाना सनौली खुर्द पुलिस ने तीनों कारों को कब्जे में लेकर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

मकान में छापा मार अवैध रूप से रखे 16 पेटी पटाखे किए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

पुलिस ने अवैध रूप से बिक्री के लिए भंडारण किए गए पटाखों का जखीरा बरामद किया है। मौके से मकान मालिक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ विस्फोटक अधिनियम सहित संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, सीआईए ऐलनाबाद की टीम को गुप्त सूचना मिली कि सिरसा निवासी सौरभ ने अपने पुराने मकान में पटाखे रखे हुए हैं और बिना लाइसेंस उनकी बिक्री करने की तैयारी में है। मकान की तलाशी लेने पर पुलिस को पटाखों के 16 बड़े कार्टून मिले। मालिक इस संबंध में कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने पटाखों को कब्जे में लेकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पटाखे कहां से खरीदे गए और इस मामले में अन्य लोगों की भूमिका तो नहीं है, इसकी भी जांच की जा रही है।



दादरी मंडी से बाजरा गायब सचिव समेत पांच निलंबित

- रिकॉर्ड के मुकाबले 68,405 क्विंटल बाजरा कम पाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

दादरी की नई अनाज मंडी में बाजरा खरीद के दौरान रिकॉर्ड और वास्तविक स्टॉक में भारी अनियमितता सामने आने के बाद सरकार ने सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की है। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के दौरे के बाद कराई गई उच्चस्तरीय जांच में मंडी रिकॉर्ड के मुकाबले 68,405 क्विंटल बाजरा कम पाया गया है। हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के मुख्य प्रशासक धर्मेंद्र सिंह ने मार्केट कमेटी सचिव सहित पांच अधिकारियों व कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इनमें मार्केट कमेटी के सचिव विद्या सागर, लेखाकार तेजवीर सिंह, मंडी सुपरवाइजर राकेश कुमार, मंडी सुपरवाइजर चतुर्भुज और ऑक्शन रिकॉर्डर सतीश कुमार शामिल हैं। इन का मुख्यालय पंचकूला रहेगा।

कृषि मंत्री के आदेश पर हुई थी जांच

23 अक्टूबर को प्रदेश के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने दादरी नई अनाज मंडी का दौरा किया था। उनके निर्देश पर उपायुक्त मनदीप कौर द्वारा गठित तीन सदस्यीय जांच कमेटी द्वारा किए गए भौतिक सत्यापन के अनुसार, मंडी में बाजरे की कुल आवक 4,18,290 क्विंटल दर्ज की गई थी। रिकॉर्ड के मुताबिक मंडी में 1,85,915 क्विंटल बाजरा शेष होना चाहिए था, परंतु मौके पर भौतिक जांच के दौरान केवल 1,17,510 क्विंटल बाजरा ही मौजूद मिला। वहीं, रिपोर्ट में बताया कि सितंबर में बिना इनकमिंग गेट पास के 23,333 क्विंटल बाजरा मंडी में लाए जाने के रिकॉर्ड मिले, जो मौके पर नहीं मिला। वहीं, मंडी की कई फुटेज भी नहीं मिली। इसके अलावा मैनुअल गेट पास और आढ़तियों के रिकॉर्ड में भारी भिन्नता पाई गई, जिससे सरकार को भावांतर भरपाई योजना और मार्केट फीस के रूप में करोड़ों रुपये की चपत लगाने के षड्यंत्र का अंदेशा जताया गया है।

नीट पीजी स्टूडेंट डीएमईआर निदेशक से मिले, आज दस्तावेज मिलने की आस

पंचकूला। नीट पीजी-2026 की परीक्षा पास कर चुके एमबीबीएस स्टूडेंट बॉन्ड पॉलिसी की वजह से धक्के खाने को मजबूर हैं। इस पॉलिसी के तहत पासआउट हुए पहले बैच के डॉक्टरों को आठ महीने बीत जाने के बाद भी न तो नौकरी मिली है और न ही उनके मूल दस्तावेज वापस लौटाए गए हैं। अब नीट-पीजी की काउंसलिंग के लिए उन्हें अपने मूल दस्तावेज भी नहीं मिल रहे। इसी समस्या को लेकर स्टूडेंट पंचकूला में डीएमईआर ऑफिस पहुंचे थे, जहां निदेशक धीरेंद्र खड़गटा से मुलाकात हुई। उन्होंने गुरुवार तक निदेशालय से पत्र जारी करवाने का आश्वासन दिया है, जिसके बाद हमें रोहतक हेल्थ यूनिवर्सिटी से दस्तावेज मिलने की उम्मीद है। हालांकि, छात्रों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वे डीएमईआर और रोहतक हेल्थ यूनिवर्सिटी को लीगल नोटिस भेजकर पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे।



देश में अराजकता फैलाना है कांग्रेस का मकसद : गौतम

चंडीगढ़। भाजपा विधायक रामकुमार गौतम ने पत्रकार सम्मेलन के दौरान दावा किया कि कांग्रेस का दिल्ली में एक नवंबर को प्रदर्शन का मकसद देश में अराजकता फैलाना है। उन्होंने वैसे, तो पूर्व सीएम और केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल की तारीफ की साथ ही वर्तमान नायब सिंह सैनी के कामकाज को भी बेहतर बताया लेकिन सीएम का चेहरा बदलने के फैसले को ठीक ठहराया। गौतम ने कहा कि मैंने खट्टर साहब से कहा था कि भाजपा के जिन कार्यकर्ताओं और वोटरों ने आपका राज बनाया, उनके बच्चों के लिए भी कुछ करो। इस दौरान उनकी मंत्री न बन पाने की कसक भी झलकी।

संशोधित स्टेज कैरिज स्कीम के तहत मांगे गए थे आवेदन

बस परमिट जारी करने की प्रक्रिया पर लगी रोक, आयुक्त ने वापस लिए दो आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

कर्मचारी संगठन लगातार कर रहे विरोध

राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर निजी परमिट जारी किए जाने का रोडवेज से जुड़े कर्मचारी संगठन भी लगातार विरोध करते रहे हैं। कर्मचारी संगठन लगातार निजी परमिटों की बजाय विभाग में सरकारी साधारण बसों का बेड़ा बढ़ाने की मांग करते रहे हैं।

हरियाणा में संशोधित स्टेज कैरिज स्कीम के तहत बस परमिट जारी करने के लिए आवेदन आमंत्रित करने की प्रक्रिया को लेकर परिवहन विभाग ने बड़ा प्रशासनिक फैसला लिया है। राज्य परिवहन आयुक्त ने इस वर्ष 26 अगस्त व 30 सितंबर को जारी किए गए दोनों पत्रों को वापस लेने के आदेश जारी किए हैं। इसके साथ ही परमिट के लिए आवेदन आमंत्रित करने की आगामी प्रक्रिया को लेकर स्थिति फिलहाल स्पष्ट नहीं है। यह आदेश प्रदेश के सभी जिला परिवहन अधिकारी-सह-सचिव और क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरणों को भेजा गया है।

यह पूरा मामला 7 मार्च 2024 को अधिसूचित संशोधित स्टेज कैरिज स्कीम के तहत स्टेज कैरिज परमिट जारी करने के लिए आवेदन आमंत्रित करने से संबंधित है। इस प्रक्रिया के संबंध में परिवहन आयुक्त कार्यालय ने इस साल 26 अगस्त और 30 सितंबर को पत्र जारी किए थे। अब विभाग ने दोनों पत्रों को वापस लेने का फैसला किया है।

हरियाणा सरकार

अभिलेख दान अभियान
अभिलेखों से ज्ञान, कल के लिए निर्माण

अभिलेखागार विभाग का प्राथमिक कार्य प्रशासनिक, राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व के सरकारी एवं निजी अभिलेखों को प्राप्त करना, उनका प्रबंधन करना और उनका संरक्षण करना है ताकि भावी पीढ़ी के लिए उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

इसलिए हम आपसे अपील करते हैं :

- यदि आपके पास ऐसा कोई अभिलेख है तो कृपया उसे हरियाणा राज्य अभिलेखागार को दान करने पर विचार करें ताकि उसे उचित देखभाल के साथ संरक्षित किया जा सके।
- यदि आप ऐसे अभिलेखों को अपने पास रखना चाहतें हैं तो हम आपसे अनुरोध करते हैं कि हरियाणा राज्य अभिलेखागार को अवश्य सूचित करें, ताकि विभाग आपको उनके उचित संरक्षण के लिए समय-समय पर निःशुल्क मार्गदर्शन और आवश्यक सहायता प्रदान कर सके।
- सम्मान स्वरुप, अभिलेखागार को अभिलेख दान करने वाले व्यक्तियों के नाम, दान की गई सामग्री के साथ, विविध रुप से स्वीकार किए जाते हैं।



अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें :
www.haryanaarchives.gov.in archives@hry.nic.in 0172-2992112

इस संबंध में किसी भी प्रकार की सहायता या सहयोग के लिए आप कृपया निम्नलिखित अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं :-

उप-निदेशक, अभिलेखागार विभाग, हरियाणा,
सिंचाई भवन, चौथी मंजिल, बी-ब्लाक, सेक्टर-5, पंचकूला, दूरभाष 0172-2992112

सहायक निदेशक, क्षेत्रीय अभिलेखागार, हिसार मण्डल,
कमरा नं. 245-46, द्वितीय तल, लघु सचिवालय, हिसार, दूरभाष- 01662-283190

सहायक निदेशक, क्षेत्रीय अभिलेखागार, रोहतक मण्डल,
कमरा नं. 315, तृतीय तल, लघु सचिवालय, रोहतक, दूरभाष 01262-271308

सोशल मीडिया पर जुड़ने के लिए क्यू.आर. कोड स्कैन करें

अपने अभिलेख दान करने के लिए क्यू.आर. कोड स्कैन करें

अभिलेखागार विभाग, हरियाणा
(अभिलेखागार विभाग, सिंचाई भवन, बी-ब्लॉक, चौथी मंजिल, सेक्टर-5, पंचकूला द्वारा जनहित में जारी)

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

खबर संक्षेप

लोक सेवा आयोग का पूर्व अधिकारी गिरफ्तार

तिरुवनंतपुरम। केरलम पुलिस की अपराध शाखा ने राज्य लोकसेवा आयोग (पीएससी) द्वारा संचालित परीक्षा में कथित अनियमितताओं के मामले में बुधवार को आयोग के पूर्व उप सचिव पी. सतीश को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सतीश को कोझिकोड स्थित उनके घर से गिरफ्तार किया गया। वह योजना बोर्ड में नियुक्ति के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित कराने की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

झारखंड में पति ने पत्नी की कुल्हाड़ी से की हत्या

चाईबासा। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में घरेलू विवाद के बाद 35 वर्षीय महिला की उसके पति ने कथित तौर पर कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। जगन्नाथपुर थाने के प्रभारी टिंकू कुमार दास ने बताया कि आरोपी मंगिल सिंकू को घटना की सूचना मिलने के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि दंपति के बीच मंगलवार देर रात घरेलू मुद्दे को लेकर झगड़ा हुआ था।

सुरक्षा चिंताओं को लेकर छात्रों की मशाल रैली

कोलकाता। कोलकाता स्थित सत्यजीत रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एसआरएफटीआई) में दक्षिणपंथी समूहों के साथ हुई झड़पों के बाद परिसर में सुरक्षा बढ़ाने की मांग को लेकर छात्रों के मशाल रैली निकालने के बाद मंगलवार देर रात पुलिस परिसर में पहुंची। एसआरएफटीआई प्राधिकारियों ने पुलिस के परिसर में दाखिल होने की पुष्टि करते हुए कहा कि करीब 50 छात्रों ने पूर्व सूचना या अनुमति के बिना मशाल मार्च निकाला।

मणिपुरः हथियार और गोला-बारूद जब्त

इंफाल। मणिपुर के इंफाल पूर्व और थौबल जिलों में बुधवार को अलग-अलग अभियानों में बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद जब्त किए गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इंफाल पूर्व जिले के पुखाओ तेरापुर इलाके में पुलिस और असम राइफल्स की संयुक्त टीम ने चार अत्याधुनिक पिस्तौल और चार एकनाली बंदूकों के अलावा छह हथगोले बरामद किए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि थौबल जिले के इकोप पाट इलाके में चलाए गए एक अन्य अभियान के दौरान तीन पिस्तौल, चार हथगोले, दो डेटोनेटर और अन्य विस्फोटक जब्त किए गए।

एनकाउंटर पर कविता अग्निमित्रा ने लिखी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मंत्री अग्निमित्रा पॉल ने पुलिस की कथित मुठभेड़ों के दो अलग-अलग मामलों में आरोपियों की मौत को लेकर जारी बहस के बीच अपराध और जन सुरक्षा पर अपना संदेश देने के लिए कविता का सहारा लिया है। 'एनकाउंटर' शीर्षक वाली इस बंगाली कविता में अपराध के खिलाफ सख्त रुख अपनाने के साथ-साथ जन सुरक्षा को राज्य की प्राथमिकता बताई गई है।

दिल्ली में भाजपा की लोकतंत्र बचाओ रैली में उमड़ी भीड़

मोदी कहीं नहीं जाएंगे, 2029 में भी झंडा फहराएंगे : नवीन

भाजपा अध्यक्ष बोले- कांग्रेस गिन रही अंतिम सांसें

हरिभूमि ब्यूरो/भाषा ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी 2029 के लोकसभा चुनाव में जीत के बाद स्वतंत्रता दिवस पर बतौर प्रधानमंत्री लालकिला जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस अपनी अंतिम सांसें गिन रही है।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ नवीन ने चांदनी चौक इलाके में भाजपा की 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' रैली का नेतृत्व किया। यह रैली जैन लाल मंदिर से टाउन हॉल चौक तक निकाली गई। नवीन ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता सूची की सफाई करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान से कांग्रेस के नेता परेशान हैं, लेकिन भाजपा यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाएं।

कई राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान का विरोध करने को लेकर राहुल गांधी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए नवीन ने कहा कि उनका संविधान से कोई लेना-देना नहीं है और उनकी पार्टी केवल वही सुनती है, जो वह या उनका परिवार निर्देश देता है। भाजपा अध्यक्ष ने यह दावा भी किया कि नरेन्द्र मोदी कहीं नहीं जाने वाले और 2029 के लोकसभा चुनाव के बाद लाल किले की प्राचीर पर लौटेंगे। लाल किले से ही प्रधानमंत्री स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र को संबोधित करते हैं।

1.5 किलोमीटर लंबी पदयात्रा निकाली

भाजपा की आज दिल्ली में गौरी शंकर मंदिर से शुरू होकर टाउन हॉल तक करीब 1.5 किमी लंबी पदयात्रा निकाली गई। नितिन नवीन के अलावा सीएम रेखा गुप्ता और अन्य नेता भी शामिल हुए। नितिन नवीन ने कहा कि भगवान महावीर की इस पवित्र भूमि के सामने खड़े होकर हम इस यात्रा, इस पैदल मार्च की शुरुआत करने जा रहे हैं। हमारे मित्र और विपक्ष के कई साथी सोचते हैं कि भाजपा के कार्यकर्ता किस मिट्टी के बने हैं। वे सत्ता में रहते हुए भी सड़कों पर संघर्ष करते हैं और विपक्ष में रहते हुए भी सड़कों पर अपनी आवाज उठाते हैं। यही भाजपा कार्यकर्ता की पहचान है। दोस्तों, लोकतंत्र सुरक्षित हाथों में है। लोकतंत्र में लोगों का जो विश्वास है, वह नरेंद्र मोदी के साथ है। अगर लोकतंत्र नरेंद्र मोदी के हाथों में है, तो वह पूरी तरह सुरक्षित है। देश की जनता जानती है कि पीएम मोदी, जो इसी मिट्टी के बेटे हैं, देश के 140 करोड़ लोगों को अपना परिवार मानते हैं।

नाबालिग ने कार चलाने की रील बनाई, मां पर कार्रवाई

केरलम पुलिस ने वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने पर की कार्रवाई

भाषा ▶▶ पत्तनमथिट्टा (केरलम)

केरलम पुलिस ने पत्तनमथिट्टा जिले के अडूर कस्बे में 16 वर्षीय किशोर द्वारा बिना लाइसेंस कार एवं मोटरसाइकिल चलाने और उससे जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के मामले में कार्रवाई करते हुए लड़के की मां के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है और दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि यातायात पुलिस ने एझामकुलम के नेदुमोन निवासी रजीना नौशाद (52) के खिलाफ अपने नाबालिग बेटे को बिना लाइसेंस के गाड़ी चलाने देने के आरोप में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है जिसे कथित तौर पर लड़का चला रहा था। यह वाहन कोल्लम के पथिरीक्कल निवासी रवींद्रन (65) के नाम पर पंजीकृत था, जिनके खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। रवींद्रन ने पुलिस को बताया कि उन्होंने कुछ महीने पहले मोटरसाइकिल बेच दी थी। उप-निरीक्षक को सूचना मिली थी कि नाबालिग पिछले कुछ समय से अडूर और कोडुमोन इलाकों में वाहन चला रहा है।

तरनतारन में कार सवारों पर की गोलीबारी, एक की मौत, दो गंभीर

चंडीगढ़ (भाषा)। पंजाब के तरनतारन जिले में बुधवार को दो लोगों ने कार सवार तीन लोगों पर गोलीबारी की, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, घटना तरनतारन के खेमकरण स्थित मुख्य बाजार में हुई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एक एसयूवी में सवार दो लोग वाहन से उतरे और दूसरी कार में बैठे तीन लोगों पर गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि गोली लगने से तीनों घायल हो गए। घायलों में शामिल गुरसेवक सिंह ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। प्रारंभिक जांच में गोलीबारी करने वालों की पहचान मनजीत सिंह और उसके भाई संदीप सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी की पूरी घटना का एक दुकान में मौजूद किसी व्यक्ति ने वीडियो बना लिया। मामले की जांच की जा रही है।

केरलम की अपराध शाखा की कार्रवाई

मर्सिडीज कार हादसे केस में न्यायाधीश से पूछताछ की

भाषा ▶▶ कोच्चि

केरलम पुलिस की अपराध शाखा ने 17 वर्षीय किशोर द्वारा कथित तौर पर चलाई जा रही मर्सिडीज-बेंज कार से हुए सड़क हादसे के सिलसिले में उसके पिता और अतिरिक्त न्यायाधीश से बुधवार को यहां पुलिस क्लब में पूछताछ की। सूत्रों के अनुसार, पूछताछ अपराह्न करीब दो बजकर 40 मिनट पर शुरू हुई और कई घंटे चली। जांचकर्ता न्यायाधीश का बयान आधिकारिक रूप से दर्ज करना चाहते थे।



पुलिस प्रमुख का तबादला

केरलम सरकार ने कोच्चि सिटी पुलिस आयुक्त कालीराज महेश कुमार का तबादला कर दिया और उनकी जगह आर निशांतिनी को नियुक्त किया। यह स्थानांतरण ऐसे वक्त हुआ जब अतिरिक जिला जज के 17 वर्षीय बेटे से जुड़े सड़क हादसे से निपटने में पुलिस की भूमिका को लेकर विवाद खड़ा हो गया है।

एसआईआर में दोबारा नाम जुड़वाने के लिए फार्म-6 क्यों भरें: शीर्ष कोर्ट

■ चुनाव आयोग फॉर्म 6, 7,8 में बदलाव नहीं कर सकता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को चुनाव आयोग से सवाल किए। कोर्ट ने पूछा कि ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से बाहर करीब 43 लाख मतदाताओं में जिनके नाम 'शिफ्टेड या अनुपस्थित' श्रेणी में दर्ज हैं, उन्हें दोबारा नाम जुड़वाने के लिए फार्म-6 भरने को क्यों कहा जा रहा है। यह फॉर्म नए मतदाताओं के रजिस्ट्रेशन के लिए होता है, जबकि ये लोग पहले से




ही वोटर लिस्ट में शामिल थे। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा कि फॉर्म 6, 7 और 8 में बदलाव नहीं किया जा सकता है। दिल्ली में एसआईआर से पहले करीब 1.45 करोड़ मतदाता थे। 31 अगस्त को जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में करीब 97.53 लाख नाम शामिल किए गए। इस तरह लगभग 47.57 लाख नाम ड्राफ्ट लिस्ट से बाहर रहे।

फॉर्म 6 पर विवाद क्या

फॉर्म 6 का विवाद तब शुरू हुआ जब पिछले महीने 'एक अंग्रेजी अखबार ने रिपोर्ट दी कि दो चुनाव आयुक्तों ने एसआईआर के फॉर्म 6 बदलावों पर आपत्ति जताई थी। इसी आधार पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई। फार्म -6 को लेकर विपक्ष का मुख्य आरोप है कि चुनाव आयोग ने नए मतदाताओं के फॉर्म में एसआईआर से जुड़ी अतिरिक्त घोषणा जोड़कर नियमों का उल्लंघन किया और पहली बार वोटर बनने वालों के लिए अनावश्यक बाधा खड़ी की। सुनवाई चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की बेंच में हुई।

रोपड़ में खाई में गिरी कार चार लोगों की गई जान



कुल्लू में विश्व प्रसिद्ध दशहरा उत्सव में शामिल होकर लौट रहे थे

श्री कीरतपुर साहिब/रोपड़। कुल्लू में विश्व प्रसिद्ध दशहरा उत्सव में शिरकत करने के बाद वापिस लौट रहे रोपड़ के 4 व्यक्तियों के साथ एक दर्दनाक हादसा होने के दुखद खबर सामने आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंजाब साउंड (रोपड़) की यह गाड़ी रात का कार्यक्रम खत्म करके कुल्लू-मनाली से वापस आ रही थी। जैसे ही गाड़ी पंजाब बॉर्डर पर टोल प्लाजा 'गढ़ा मोड़' को पार करके गांव देनी के पास पहुंची तो अचानक संतुलक बिगड़ने के कारण गाड़ी बेकाबू होकर गहरी खाई में गिर गई। यह हादसा इतना भयानक था कि गाड़ी में सवार चारों व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही बचाव कार्य शुरू किए गए। काफी मशक्कत के बाद हाइड्रा मशीन की मदद से खाई से गाड़ी और मृतकों के शवों को खाई से बाहर निकाला गया। इसके बाद सभी को एम्बुलेंस से पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

आज से त्रिदिवसीय अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन का शुभारंभ



52वें प्राच्य विद्या सम्मेलन में शामिल होंगे शीर्ष धर्मगुरु, सनातन शास्त्र शुद्धिकरण अभियान का होगा शुभारंभ

एजेंसी ▶▶ हरिद्वार

पतंजलि विश्वविद्यालय में आगामी 29 से 31अक्टूबर को आयोजित 52वें अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन के सन्दर्भ में पूज्य स्वामी रामदेव जी महाराज तथा श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण जी महाराज के सान्निध्य में दिव्य योग मंदिर, कृपालु बाग आश्रम, कनखल में एक प्रेस-वार्ता आयोजित की गई। प्रेसवार्ता में पूज्य स्वामी जी महाराज ने कहा कि सनातन धर्म के खिलाफ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गहरी साजिश की जा रही है।


मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम और माता सीता को मद्यपान और मांसाहार करने वाला कह कर, आदि योगी, महायोगी भगवान शिव को नशेड़ी, गजेड़ी कह कर, गांजा फूंकने वाला कह कर, योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण को रास लीलाओं के नाम पर विलासिता करने वाला कह कर, भगवान ब्रह्मा को अपनी बेटी के साथ दुराचार करने वाला कह कर और देवी-देवताओं को दुराचारी, बलात्कारी कहने वाला कह कर सनातन को बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। विगत 1000सालों में मुगलों व अंग्रेजों द्वारा सनातन को बदनाम करने के लिए सनातन धर्म के ही कुछ शास्त्रों में जानबूझकर मिलावट की गई है। इन्हीं मिलावटी शास्त्रों का आश्रय लेकर मनुस्मृति सहित अलग-अलग स्मृति ग्रंथों, ब्राह्मण ग्रंथों, आरण्यक ग्रंथों और मूलतः 18पुराणों में सनातन धर्म के ऊपर आरोप लगाने के लिए प्रक्षेप (मिलावट) कर दिया गया।

वर्सुनी का भारत पर 180 करोड़ का दांव, 600 नौकरियों की उम्मीद

चेन्नई और अहमदाबाद में विनिर्माण क्षमता बढ़ाएगी कंपनी

कलपुर्जों के स्थानीयकरण और निर्यात पर भी जोर

नई दिल्ली। भारत में घरेलू उपकरणों के विनिर्माण को मजबूती देने के लिए वर्सुनी इंडिया 180 करोड़ का निवेश कर रही है। फिलिप्स और प्रीति ब्रांड के तहत घरेलू उपकरणों का कारोबार करने वाली कंपनी इस राशि से चेन्नई और अहमदाबाद स्थित अपनी विनिर्माण इकाइयों का विस्तार करेगी। इस पहल से अगले दो वर्षों में लगभग 600 नए रोजगार सृजित होने की उम्मीद है।कंपनी की योजना के मुताबिक, 130 करोड़ रुपये चेन्नई की इकाई और 50 करोड़ अहमदाबाद की फैक्ट्री के विस्तार पर खर्च किए जाएंगे। चेन्नई में मिक्सर ग्राइंडर और ग्लास गैस स्टोव के उत्पादन के साथ शीट मेटल फैब्रिकेशन, प्लास्टिक इंजेक्शन मोल्डिंग और एयर फ्रायर मोटरों के निर्माण की सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। यहां सालाना 7.5 लाख तक एयर फ्रायर मोटरों के उत्पादन की क्षमता तैयार करने की योजना है। वहीं, अहमदाबाद में फैक्ट्री का क्षेत्रफल लगभग 8,000 वर्ग मीटर से बढ़ाकर 15,000 वर्ग मीटर किया गया है। यहां एयर फ्रायर के अलावा एयर प्यूरीफायर और गारमेंट स्टीमर के उत्पादन पर भी जोर दिया जा रहा है।



नंबर-1 के बाद नंबर-2 पर भी अंबानी का ही कब्जा

जियो बनी देश की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी

■ जियो शेयर लिस्टिंग के इवेंट में परिवार के साथ मौजूद थे

भाषा ▶▶ मुंबई

रिलायंस समूह की डिजिटल सेवा कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स बुधवार को शेयर बाजार में अपनी सूचीबद्धता के ही दिन बाजार पूंजीकरण के लिहाज से देश की दूसरी सबसे मूल्यवान कंपनी बन गई। बीएसई और एनएसई पर कंपनी का शेयर 1,358 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो इसके 1,119 रुपये के निर्गम मूल्य से 21.36 प्रतिशत अधिक है। कारोबार के अंत में कंपनी का शेयर बीएसई पर 26.66 प्रतिशत बढ़त के साथ 1,417.35 रुपये पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई पर यह 26.67 प्रतिशत चढ़कर



1,417.50 रुपये पर बंद हुआ। बीएसई के आंकड़ों के मुताबिक, जियो प्लेटफॉर्म्स का बाजार पूंजीकरण 13,05,241.98 करोड़ रुपये यानी करीब 13.05 लाख करोड़ रुपये रहा। इस तरह बाजार पूंजीकरण के लिहाज से वह देश में रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाद दूसरे स्थान पर रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 15,67,744.61 करोड़ रुपये यानी करीब 15.68 लाख करोड़ रुपये है। समूह की दोनों कंपनियों का संयुक्त रूप से बाजार पूंजीकरण करीब 28.72 लाख करोड़ रुपये है। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से देश की पांच सबसे बड़ी कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर है।

बच्चों को नेतृत्व संभालते देख भावुक हुए मुकेश



जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड के शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने के मौके पर अपने तीनों बच्चों आकाश, ईशा और अनंत को मंच पर देखकर मुकेश अंबानी भावुक हो उठे और उनकी आंखों में आंसू आ गए। यह डिजिटल एवं प्रौद्योगिकी कारोबार अंबानी ने खड़ा किया है, जो देश में संपर्क का एक बड़ा माध्यम बन चुका है। भावुक कर देने वाले इस पल में देश के सबसे बड़े कारोबारी साम्राज्यों में से एक की बागडोर संभालने के लिए अगली पीढ़ी की तैयारी की झलक मिली। मुकेश अपनी पत्नी नीता अंबानी के साथ एनएसई में मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

एलएंडटी के शुद्ध लाभ में 32.5 फीसदी की बढ़ोतरी



नई दिल्ली। इंजीनियरिंग क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 32.5 प्रतिशत बढ़कर 5,202.10 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 3,926.09 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

वेदांता का दूसरी तिमाही लाभ बढ़कर हुआ दोगुना

नई दिल्ली। खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वेदांता का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 3,650 करोड़ रुपये हो गया। इसकी वजह जिंसों की ऊंची कीमतें, विदेशी मुद्रा विनिमय दरों का अनुकूल रुख और अधिक मात्रा में उत्पादन रहा।

टीवीएस का लाभ 50 फीसदी बढ़कर 1,194.51 करोड़

नई दिल्ली। टीवीएस मोटर कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में सालाना आधार पर 50 प्रतिशत बढ़कर 1,194.51 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी की परिचालन आय में भी 38.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 795.48 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

- विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि धीमी पड़ने से उत्पादन प्रभावित
- औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 7.8 फीसदी कर दिया गया
- विनिर्माण क्षेत्र में सालाना आधार पर 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज

खनन क्षेत्र में 6.2 प्रतिशत की गिरावट का असर

सितंबर में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि घटकर 6.7 प्रतिशत पर आई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली। देश में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर सितंबर में घटकर 6.7 प्रतिशत रह गई। खनन क्षेत्र में गिरावट और विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि धीमी पड़ने से औद्योगिक उत्पादन की रफ्तार प्रभावित हुई। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

इसके साथ ही राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने अगस्त में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) की वृद्धि दर को आठ प्रतिशत से संशोधित कर 7.8 प्रतिशत कर दिया। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, सितंबर महीने में विनिर्माण क्षेत्र में सालाना आधार पर 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि बिजली और गैस आपूर्ति क्षेत्र में उत्पादन 11.2 प्रतिशत बढ़ा।

विनिर्माण क्षेत्र का भारांक 76 प्रतिशत

वहीं, सितंबर में खनन एवं संबद्ध क्षेत्र के उत्पादन में 6.2 प्रतिशत की गिरावट आई। अगस्त में भी इस क्षेत्र का उत्पादन 4.6 प्रतिशत घटा था। विनिर्माण क्षेत्र का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में करीब 76 प्रतिशत भारांक है। इस क्षेत्र की वृद्धि दर अगस्त में 8.6 प्रतिशत रही थी।

उत्पादन की स्थिति मजबूत बनी हुई

हालांकि, क्रिसिल की वरिष्ठ निदेशक एवं प्रमुख अर्थशास्त्री दीप्ति देशपांडे ने कहा कि सितंबर में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने के बावजूद उत्पादन की स्थिति मजबूत बनी हुई है। उन्होंने कहा कि मासिक आधार पर नरमी की मुख्य वजह पिछले साल का ऊंचा आधार और खनन एवं बिजली उत्पादन में कुछ सुस्ती रही।



अगस्त में उत्पादन बढ़ाया गया : बनर्जी ने कहा, "त्योहारों की बिक्री की उम्मीद में अगस्त में उत्पादन बढ़ाया गया था। इसके अलावा, जीएसटी दरों के युक्तिकरण से खपत को मिले शुरुआती प्रोत्साहन का असर धीरे-धीरे कम होना और पिछले साल के ऊंचे आधार ने भी सितंबर के आंकड़ों को प्रभावित किया।"

खनन क्षेत्र की वृद्धि दर घटी : इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के मुख्य अर्थशास्त्री देवेंद्र पंत ने भी कहा कि आधार प्रभाव और खनन क्षेत्र की नकारात्मक वृद्धि से सितंबर में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर घटकर 6.7 प्रतिशत रह गई। उन्होंने कहा, "हमारा अनुमान है कि आधार प्रभाव की वजह से अक्टूबर में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर बढ़कर आठ से नौ प्रतिशत के दायरे में रह सकती है।"

उत्पादन में पूंजीगत वस्तुओं का सबसे बड़ा योगदान

औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि में मध्यवर्ती, प्राथमिक और पूंजीगत वस्तुओं का सबसे अधिक योगदान रहा। सितंबर के आंकड़े आने के साथ ही चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक की वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रही।

इन क्षेत्रों का रहा योगदान

एनएसओ के अनुसार, विनिर्माण क्षेत्र के 23 उद्योग समूहों में से 17 ने सितंबर में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की। इनमें मोटर वाहन, ट्रेलर एवं सेमी-ट्रेलर का विनिर्माण, बिजली के उपकरणों का विनिर्माण तथा रबड़ और प्लास्टिक उत्पादों का विनिर्माण प्रमुख योगदान देने वाले क्षेत्र रहे।

एफएमसीजी के उत्पादन में वृद्धि

उपयोग आधारित वर्गीकरण के अनुसार, सितंबर में प्राथमिक वस्तुओं के उत्पादन में चार प्रतिशत, पूंजीगत वस्तुओं में 10.4 प्रतिशत, मध्यवर्ती वस्तुओं में 12.2 प्रतिशत और बुनियादी ढांचा एवं निर्माण वस्तुओं में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसी दौरान टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन में छह प्रतिशत और गैर-टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं में 1.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

19,000 करोड़ के मोबाइल पीएलआई पर सरकार को मिला 3 लाख करोड़ का जीएसटी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



■ सूचना मंत्री वैष्णव ने बताया, मोबाइल फोन उद्योग को दिया गया प्रोत्साहन

सरकार ने मोबाइल फोन उद्योग को 19,000 करोड़ रुपये का उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) देने के बदले इस क्षेत्र से कुल 3.25 लाख करोड़ रुपये कर के रूप में जुटाए हैं। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बुधवार को साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, सरकार ने इस योजना के तहत 19,000 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन दिया और इसके बदले लाभार्थियों से 25,000 करोड़ रुपये प्रत्यक्ष कर तथा तीन लाख करोड़ रुपये जीएसटीके रूप में प्राप्त किए। वैष्णव ने कहा, ''इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में 25 लाख लोगों को रोजगार मिलता है। केवल मोबाइल विनिर्माण क्षेत्र में 12 लाख लोग काम करते हैं। अब और ज्यादा कोशिश करें। मंत्री की यह 'पोस्ट' एक मीडिया टिप्पणी वाले वीडियो के जवाब में आई। इस वीडियो में सार्वजनिक धन से सब्सिडी देकर इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को बढ़ावा देने की भारत की कोशिश की खामियों का दावा किया गया था और इसकी तुलना चीन में मौजूद परिवेश से की गई थी। सब्सिडी की मदद से करदाताओं के पैसे से बनाए गए तैयार मोबाइल फोन के निर्यात से भारत को जितना लाभ होता है, उससे अधिक खर्च उसे कलपुर्जों के आयात पर करना पड़ता है।

सोना 700 रुपये चढ़कर 1.46 लाख रुपये पर, चांदी स्थिर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रुपये में गिरावट के चलते राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतें 700 रुपये बढ़कर 1.46 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। हालांकि, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत फैसले से पहले वैश्विक बाजार में कीमती धातुओं की कीमतों पर दबाव बना रहा। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 700 रुपये बढ़कर सभी करों सहित 1,46,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। मंगलवार को यह 1,45,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 1.98 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 21 पैसे गिरकर 95.28 प्रति डॉलर पर आ गया।

रुपया 21 पैसे टूटकर 95.28 प्रति डॉलर पर

मुंबई। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच रुपया बुधवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 21 पैसे टूटकर 95.28 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि डॉलर में मजबूती और ऊंचे अमेरिकी बॉण्ड प्रतिफल के कारण रुपये पर दबाव बने रहने की आशंका है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.01 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह टूटकर 95.29 प्रति डॉलर के दिन के निचले स्तर तक आ गया। रुपया अंत में 95.28 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 21 पैसे की गिरावट है। रुपया मंगलवार को आठ पैसे मजबूत होकर 95.07 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। कच्चे तेल की ऊंची कीमतें डॉलर की अंतर्निहित मांग का एक प्रमुख कारण बनी हुई हैं।

हुंडई मोटर के मुनाफे में 24 प्रतिशत की गिरावट

नई दिल्ली। वाहन विनिर्माता हुंडई मोटर इंडिया का चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर करीब 24 प्रतिशत घटकर 1,196.16 करोड़ रुपये रह गया। लागत बढ़ने से कंपनी के लाभ में गिरावट आई है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसने 1,572.25 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था।

न्यायालय श्री हेमन्त कुमार तहसीलदार एवं सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी, गोहाना।
केस नंबर: 389, तिथि दायरा: 01/07/26 तिथि पेशी: 06/11/26, किस्म मुकदमा: तकसीम, मौजा : बुटाना कुण्डू
अनुमान :- श्रीमती सुनीता बनाम रामभज आदि
पक्ष दोयम नं. 4
रामकिशन पुत्र गिरधाला पुत्र फुलाराम निवासी बुटाना कुण्डू, तह. गोहाना, जिला सोनीपत
नोटिस बनाम फरीक दोयमगण खेवट नंबर: 876//790 खतौनी नं. 908, खसरा नंबर: .....
जनूब रकबा : 70 कनाल 13 मरले मौजा: बुटाना कुण्डू, तह. गोहाना, जिला सोनीपत।
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त केस अनुमान इस न्यायालय में विचाराधीन है। जो फरीक दोयम का दुरुस्त पता ना होने का कारण फरीक अव्वल के वकील द्वारा अखबारी प्रकाशन किया जाना है। इसलिए अखबार में प्रकाशन के जरिए फरीक दोयमगण को सूचित किया जाये कि उपरोक्त केस की आगामी तिथि 06.11.2026 निश्चित है। उपरोक्त फरीक दोयमगण जहां भी रहते निश्चित तिथि पेशी तक असालतन या वकालतन न्यायलय हाजिर आवे। अन्यथा उनके विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।
हस्ता/- सहायक कलेक्टर, प्रथम श्रेणी, गोहाना।

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
(UNDER GUARDIAN AND WARD ACT)
IN THE COURT OF
Sh. Kapil Rathi
Matrimonial Cases Special Courts, Maham
Bhani Wife of Ram Kishan R/o Village Girawar, Meham, Rohtak
Vs.
General Public
CNR No. HRRHF2-000026-2025
Next Date : 17.11.2026
NOTICE TO:
General Public
:-
India
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **17.11.2026 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Rohtak
Sd/- Matrimonial Cases Special Courts, Rohtak
Dated, this day of 16.10.2026

सूचना

हम, दलबीर सिंह पुत्र श्री महा सिंह व शीला देवी पत्नी श्री दलबीर सिंह निवासी गांव खरावड, पाना कबोसिया, तहसील सांपला, जिला रोहतक, हरियाणा बयान करते हैं कि हमारा पुत्र नितेश सिंह हमारे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये हम इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल व संबंध विच्छेद करते हैं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

GOVT. SR. SEC. SCHOOL
Vill. Gangana-Teh. Gohana, Sonipat (HR)

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.व.मा.विद्यालय गंगाना (3461) खण्ड मुण्डलाना, जिला सोनीपत में 13 कंडम कमरों को खुली बोली दिनांक 02.11.2026 को प्रातः 11:30 बजे विद्यालय प्रांगण में होगी। बोली के नियम व शर्तें मौके पर बताई जाएंगी।
हस्ता/-Principal, Govt. Sr. Sec. School, Gangana-3461 (SNP)
मो. नं. 9991506000
निवेदकः प्राचार्य/एसएमसी

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना सं. : 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 26.10.2026, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: क्रम सं. 1, निविदा सं.: टीएन-203-26-27, कार्य का नाम: सियालदह मंडल के कांकुरगाछी कॉर्ड सेक्शन में आरयूबी संख्या एक्स-13, एक्स-26 और एक्स-27 तथा सियालदह-डायमंड हार्बर सेक्शन में एस-26 में आरसीसी जैकेटिंग द्वारा सबस्ट्रक्चर को मजबूत करना। निविदा मूल्य : रु.4,22,54,204.81, बयाना राशि : रु. 8,45,100/-, क्रम सं. 2, निविदा सं.: टीएन-210-26-27, कार्य का नाम: चितपुर में:- चितपुर डिपो में ईटीपी के प्रावधान के साथ यंत्रचालित लॉन्ड्री की अवसंरचना में बदलाव। निविदा मूल्य : रु.1,77,56,161.92, बयाना राशि : रु. 3,55,100/-, निविदा की अंतिम तिथि और समय: दिनांक 20.11.2026 को 15.00 बजे (प्रत्येक हेतु)। कार्य की समापन अवधि: 15 (पंद्रह) माह (क्रम सं. 1 हेतु) और 12 (बारह) माह (क्रम सं. 2 हेतु)। निविदा के खुलने की तिथि और समय दिनांक 20.11.2026 को 15.30 बजे (प्रत्येक हेतु) है। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव को तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। भारतीय रेलवे मानक अनुबंध 2022 की सामान्य शर्तों के अनुसार ई-निविदा प्रपत्र की लागत शून्य है। SDAH-278/2026-27
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

दुआ भी तकदीर बदल देती है
तांत्रिक मास्टर किंग का एलान
भटको चाहे जिधर काम होगा इधर
2 घंटे में समाधान

प्रेम विवाह, सौतन-दुश्मन से छुटकारा, पति-पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, रूठे को मनाना, नौकरी, कारोबार में बाधा आदि।
स्पेशलिस्ट वशीकरण, मूठकरनी
मियां मलिक जी
9711428545
सारे इल्मों के माहिर

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

राशिफल

मेष रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

वृष परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

मिथुन तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

कर्क आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

सिंह कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

कन्या परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

तुला धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

वृश्चिक भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

धनु कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

मकर व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

कुंभ तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

मीन दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

रिलायंस और आईटी शेयरों की बिकवाली से बाजार नीचे आया

एजेंसी ▶▶ मुंबई



- सेंसेक्स 353 अंक, निफ्टी 22,700 अंक नीचे आया
- कच्चे तेल के दाम में आई तेजी, फेड के फैसले पर नजर

घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को गिरावट आई और मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 353 अंक टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी 22,700 अंक के नीचे आ गया। कच्चे तेल के दाम में तेजी और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत ब्याज दर पर फैसले से पहले सतर्क रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 352.64 अंक टूटकर 73,246.03 अंक पर बंद हुआ। हालांकि, कारोबार के दौरान इसमें भारी गिरावट आई थी जिसकी काफी हद तक भरपाई हो गई। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 995.1 अंक लुढ़क कर दिन के निचले स्तर 72,603.57 अंक पर आ गया था। निफ्टी भी 50.90 अंक की गिरावट के साथ 22,698.85 अंक पर बंद हुआ। चुनिंदा शेयरों में निवेशकों की लिवाली से व्यापक बाजार में तेजी रही। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.85 प्रतिशत और मझोली कंपनियों का मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.66 प्रतिशत चढ़ा। कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स का शेयर कारोबार के पहले दिन करीब 27 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ।

इन शेयरों में रहा नफा- नुकसान

सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 3.46 प्रतिशत, इन्फोसिस 3.34 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 1.83 प्रतिशत, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज 1.68 प्रतिशत, भारती एयरटेल 1.42 प्रतिशत और टाटा स्टील 1.37 प्रतिशत नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, इंजीनियरिंग क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो के शेयर में करीब चार प्रतिशत की तेजी रही।

कच्चे तेल की कीमतें बढ़ी

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''कच्चे तेल की कीमतों में नए सिरे से तेजी और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली के कारण घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव रहा और बाजार में गिरावट आई।

मस्क ने दी चेतावनी

सैकड़ों एआई कंपनियां हो सकती है बंद, फूटेगा गुब्बारा

नई दिल्ली (एजेंसी)। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई की दुनिया में इस वक्त एक बड़ा सवाल घूम रहा है। क्या एआई का गुब्बारा फूटने वाला है या फिर इसमें से सिर्फ अतिरिक्त हवा निकल रही है। टेस्ला के प्रमुख एलन मस्क की एक हालिया चेतावनी ने बाजार की चिंता बढ़ा दी है। मस्क ने कहा है कि एआई क्लाउड सेक्टर में बड़े पैमाने पर कंपनियां बंद होने वाली हैं। उनकी इस बात ने उस बाजार में नया दबाव बना दिया है, जो पहले से ही गिरते बांड दाम के साथ कर्ज से बने डेटा सेंटर्स को लेकर परेशान है। मस्क का अनुमान है कि नियोक्लाउड कंपनियों में तबाही आने वाली है। हालांकि दूसरी तरफ एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग ने निवेशकों को भरोसा दिलाया है कि कंप्यूटिंग क्षमता की मांग उम्मीद से कहीं ज्यादा है।

ई-मंचों के लिए जीएसटी प्रक्रिया एक नवंबर से होगी आसान

नई दिल्ली (एजेंसी)। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर कारोबार करने वाले छोटे विक्रेताओं के लिए जीएसटी पंजीकरण की प्रक्रिया एक नवंबर से आसान हो जाएगी। ऐसे विक्रेता कई राज्यों में सामान बेचने के लिए संबंधित ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के गोदाम को उस राज्य में कारोबार का प्रमुख स्थान (पीपीओबी) घोषित कर सकेंगे। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने केंद्रीय जीएसटी नियमों में बदलाव को अधिसूचित किया है। इसके तहत ऐसे छोटे विक्रेता, जो प्रति माह 2.5 लाख रुपये से अधिक का इनपुट टैक्स क्रेडिट आगे हस्तांतरित नहीं करते हैं, उन राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों में भी जीएसटी पंजीकरण करा सकेंगे, जहां उनकी कोई भौतिक मौजूदगी नहीं है। इसके लिए वे संबंधित राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में ई-कॉमर्स ऑपरेटर के गोदाम को कारोबार का प्रमुख स्थान घोषित कर सकेंगे।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत करवेडी व ग्राम पंचायत उल्देपुर में 1-1 ग्रामीण सफाई कर्मचारी की नियुक्ति की जानी है जिसके लिए दिनांक 30-10-2026 से 13-11-2026 तक खण्ड कार्यालय सोनीपत में आवेदन पत्र प्राप्त किए जाएगे। सफाई कर्मचारी की नियुक्ति हेतु दिनांक 16-11-2026 को प्रातः 11:00 बजे साक्षात्कार लिया जाएगा।
हस्ता/-
खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी
सोनीपत

उत्तर रेलवे


खुली निविदा सूचना संख्या ETrU-T-19-2026-27

वरि. मंडल विद्युत अभियंता/क.वि./उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-टेंडरिंग के माध्यम से निविदाये आमंत्रित करते है। इन निविदाओ को प्रत्येक कार्य के आगे दर्शायी गई तिथि को 15:00 बजे तक www.ireps.gov.in पर अपलोड किया जा सकता है। इनको 15:00 बजे के उपरान्त तत्काल खोला जायेगा।

क्र. सं.	निविदा संख्या	कार्य का विवरण	निविदा बंद/खुलने की तिथि	लगभग लागत	धरोहर राशि	कार्य पूरा करने की अवधि	वैधता अवधि	टेण्डर फॉर्म की कीमत
1.	ETrU-T-19-2026-27	अंबाला मंडल के घनौली-आनंदपुर साहिब स्टेशनों के मध्य कुराली-आनंदपुर साहिब रेलखंड में आवश्यक मानक से कम संपर्क तार ऊँचाई वाले मौजूदा ओएचई मास्ट के स्थान पर नए ओएचई मास्ट लगाने (चरण-2) हेतु कार्य।	19.11.2026	₹ 12,10,81,498.89/-	₹ 24,21,600/-	12 महीने	90 दिन	Downloading through IREPS portal-NIL (₹ 10,000/- Sr. DEE/TRD/UMB ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए)

1. निविदाकार को सभी जरूरी योग्यता दस्तावेज एवं PAN/GSTIN की Scanned Copies IREPS पोर्टल पर अपलोड करनी है। 2. निविदाकार के पास ई-निविदा में भाग लेने के लिए क्लास-।।। Digital Signature Certificate होनी चाहिए। 3. कार्य में GST, BOCWW, Income Tax एवं नियमानुसार आवश्यक टैक्स लागू होंगे। 4. कार्य में सिमिलर नेचर कंडीशन लागू हैं एव इस प्रकार है: Design, supply, erection, testing & commissioning of 50Hz, single phase 25 KV AC OHE 5. टेंडर डॉक्यूमेंट एवं निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जायें। संख्या : ETrU-T-19-2026-27 दिनांक 28.10.2026 3770/26
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

शब्द पहेली - 6392




बाएँ से दाए-
1. फिसलना-4
5. गुनाह, जुर्म-4
8. नाव चलानेवाला-3
9. लड़ी, श्रंखला -2
11. ईर्ष्या, डाह-3
12. उद्देश्य, वजह-4
14. भोजन-2
15. थकावट-3
17. जी, चित-2
19. मंत्र पढ़ना-2,3
22. राजपुत्र, राज कुंवर-2,3
25. यात्रा करनेवाला-2
26. समझौता, संधि-3
27. ईसाई साध्वी-2
28. मनमुटाव-4
30. नौकर-3
31. बदला-2
33. गर्भ, कोख-3
35. रुआफ-4
36. सज्जनता-4

ऊपर से नीचे
2. लम्हा, क्षण-2
3. नामित, मनोनीत-4
4. रनिवास, हरम-5
5. बुद्धि-3
6. गोंद, लाख-2
7. हृदयगति, स्पंदन- 4
10. विम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13. शिक्षा, पाठ-3
16. कालिख, कालापन-3
17. इंकार, मनाही-2
18. झंडा, पताका-2
20. चौकसी, रखवाली-3
21. मोटा आटा, सूजी -2
22. निशा, रात-2
23. अच्छे कुल का-3
24. प्रस्थान, विदा-4
25. यान चलाने वाला-2,3
26. सुंदरी, षोडशी, कुमारी-4
28. प्रार्थना, मनोकामना-4
29. गरल, विष-3
32. ताला (अंग्रेजी-2)
34. पात्र, थापा, संचक, डाई -2

शब्द पहेली -6391 का हल

आ	ला	क	मा	न		क	मी	ज	
रा	ल		न		श	प	थ	मा	मा
म			ध	नि	क		न		लि
दे	ह	दा	न			अ	ल	ल	क
ह		खि		बे	शु	मा	र	ह	
	सा	ल		ल		न	सु	र	
	हि		ब	गा	ब	त	र		हा
ज	ल	न		म			अ	भि	मा	नि
ग			चु		रा	ज	न			का
त	र		ना	ह	क		ब		चा	र
	ब	हा	व			म	न	मो	ह	क




खबर संक्षेप

गूगल और एप्पल पर 4.5 करोड़ डॉलर का जुर्माना

सियोल। दक्षिण कोरिया के प्रसारण एवं दूरसंचार नियामक ने गूगल और एप्पल पर कुल 6370 करोड़ वॉन (करीब 4.5 करोड़ डॉलर) का जुर्माना लगाने का फैसला किया। दोनों कंपनियों पर आरोप है कि उन्होंने अपने ऐप स्टोर की भुगतान नीतियों के जरिए ऐप डेवलपरों के भुगतान विकल्पों को सीमित किया। आयोग ने गूगल पर 4290 करोड़ वॉन और एप्पल पर 2081 करोड़ वॉन का जुर्माना लगाने को मंजूरी दी है।

निर्दलीय विधायक उमेश ने विस से इस्तीफा दिया


गैरसैंण। उत्तराखंड के निर्दलीय विधायक उमेश कुमार ने बुधवार को विधानसभा की सदस्यता से



इस्तीफा दे दिया। हरिद्वार जिले की खानपुर सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले कुमार ने मीडिया से कहा कि कांग्रेस के असहयोगात्मक रवैये से क्षुब्ध होकर उन्होंने यह कदम उठाया है। हमने विपक्ष (कांग्रेस) को हर मुद्दे पर सहयोग दिया।

नालंदा मेडिकल कॉलेज में रैगिंग, सभी सस्पेंड

नालंदा। मेडिकल कॉलेज में छात्रों पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। मेडिकल कॉलेज में नए एडमिशन



लेने वाले स्टूडेंट्स के साथ रैगिंग के मामले में प्रशासन ने यह कार्रवाई की है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने 2025 बैच के सभी 146 छात्र-छात्राओं को 3 महीने के लिए सस्पेंड कर दिया है। कॉलेज के प्रिंसिपल ने यह आदेश दिया है।

पंजाब विधानसभा चुनाव को ध्यान में रख कर लिया गया निर्णय

लंबे मंथन के बाद हरदीप पुरी मप्र से भाजपा के राज्यसभा उम्मीदवार बने

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

जैसी संभावना थी, वही हुआ। भाजपा नेतृत्व ने प्रदेश से बाहर के केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी को राज्यसभा का उम्मीदवार घोषित कर दिया। माना जा रहा है कि अगले साल होने वाले पंजाब विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर हरदीप पुरी को राज्यसभा भेजने का निर्णय लिया गया है। पार्टी के इस निर्णय से भाजपा के उन स्थानीय नेताओं के मंसूबों पर पानी फिर गया जो राज्यसभा की उम्मीद लगाए बैठे थे और जिनका नाम पैनल में भेजा गया था। यह सीट पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी, जिनका कार्यकाल अप्रैल 2030 तक शेष था। हरदीप पुरी अभी उत्तर प्रदेश से राज्यसभा सदस्य थे लेकिन केंद्र में मंत्री बनाए रखने के लिए अब उन्हें मप्र से राज्यसभा भेजा जा रहा है।

बाहरी को मौके से स्थानीय नेताओं के मंसूबों पर फिरा पानी

बाहरी नेताओं को पहले भी मिलता रहा मौका



प्रदेश भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ताओं और नेताओं को उम्मीद थी कि इस बार किसी स्थानीय वरिष्ठ नेता या संगठन के निष्ठावान चेहरे को उच्च सदन भेजा जाएगा। हालांकि इससे पहले भी पार्टी ने एल मुरुगन (तमिलनाडु) और जॉर्ज कुरियन (केरल) जैसे गैर-मध्य प्रदेशीय नेताओं को मप्र के कोटे से संसद भेजा था। इसी क्रम में हरदीप सिंह पुरी के नाम पर इस बार भी मुहर लग गई। ऐसे में एक बार फिर 'बाहरी बनाम स्थानीय' का विमर्श राज्य के राजनीतिक गलियारों में उभर आया है। कांग्रेस को भी राज्य में एक बार फिर भाजपा पर 'मप्र के नेताओं के हक की अनदेखी' का आरोप लगाने का सियासी मौका मिल गया है।

भाजपा ने भेजा था पांच नामों का पैनल

प्रदेश भाजपा कोर ग्रुप की बैठक के बाद प्रदेश नेतृत्व ने 5 नामों का पैनल केंद्रीय नेतृत्व के पास भेजा था। इस पैनल में हरदीप पुरी के अलावा तमिलनाडु की पूर्व विधायक वनथी श्रीनिवासन का नाम शामिल बताया गया था। प्रदेश से स्थानीय दावेदारों में दलित वर्ग से पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य, वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया, आदिवासी वर्ग की वरिष्ठ महिला नेत्री रंजना बघेल और पार्टी के प्रमुख आदिवासी चेहरे डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी के नाम शामिल थे।

2 नवंबर तक नामांकन दाखिल होंगे

केंद्रीय मंत्री डॉ. एल मुरुगन के इस्तीफे के बाद खाली हुई है। उन्होंने 14 अक्टूबर को केंद्रीय मंत्रिपरिषद और राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। उप चुनाव के लिए 2 नवंबर तक नामांकन दाखिल किए जाएंगे। 3 नवंबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 5 नवंबर को नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। 12 नवंबर को मतदान होगा। शाम 5 बजे से मतगणना होगी।

संघ में पहली बार राज्य इकाईयां बनेंगी : 11 क्षेत्र घटकर 9 होंगे, 46 प्रांतों से 90 संभाग बनेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (संघ) अपने संगठनात्मक ढांचे में बड़े बदलाव की तैयारी कर रहा है। प्रस्तावित बदलावों में क्षेत्र घटाना और नए संभाग बनाना शामिल है। सूत्रों के मुताबिक, संघ के 11 क्षेत्र घटाकर 9 किए जाएंगे। मौजूदा 46 प्रांतों की जगह करीब 90 संभाग बनाए जाएंगे। संघ पहली बार राज्य स्तर पर संगठनात्मक इकाइयां बनाएगा। इनमें केवल राज्य प्रचारक और राज्य कार्यवाह होंगे। इस व्यवस्था में राज्य संघचालक का पद नहीं होगा। संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की वार्षिक बैठक 2 से 4 नवंबर तक मध्यप्रदेश के इंदौर में होगी। तीन दिन की बैठक में संगठन के पुनर्गठन, शताब्दी वर्ष की गतिविधियों और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा होगी।

विकेंद्रीकरण की तैयारी

प्रस्तावित बदलावों का मकसद संघ के कामकाज को विकेंद्रीकृत करना है। इसके तहत जिम्मेदारियां ज्यादा प्रभावी ढंग से बांटी जाएंगी और अलग-अलग स्तरों पर तालमेल बेहतर किया जाएगा। अधिक संख्या में संभाग बनने से संगठनात्मक गतिविधियों का प्रबंधन आसान होने की उम्मीद है।

दिल्ली में शराब की ऑनलाइन बुकिंग शुरू, लॉन्च हुआ ऐप

नई दिल्ली (हरिभूमि न्यूज)। दिल्ली राज्य औद्योगिक एवं आधारभूत ढांचा विकास निगम (डीएसआईआईडीसी) ने शराब की ऑनलाइन बुकिंग के लिए 'दिल्ली लिकर बुकिंग' नाम से मोबाइल एप शुरू किया है। इस एप के माध्यम से ग्राहक अपनी पसंद का ब्रांड चुनकर ऑनलाइन बुकिंग और भुगतान कर सकेंगे। हालांकि, शराब की होम डिलीवरी की सुविधा नहीं दी गई है। बुकिंग करने के बाद ग्राहकों को संबंधित दुकान पर जाकर ही शराब लेनी होगी। 'दिल्ली लिकर बुकिंग' एप के माध्यम से ग्राहक उपलब्ध शराब के ब्रांड देख सकते हैं।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वकीलों का तांडव

न्यायमूर्ति पर नाराजगी

न्यायमूर्ति के कक्ष में तोड़फोड़ की समूहों में से कुछ ने नारेबाजी की

न्यायमूर्ति भनोट के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

इलाहाबाद उच्च न्यायालय में बुधवार को वकीलों ने न्यायमूर्ति अजय भनोट के अदालत कक्ष में कथित तौर पर तोड़फोड़ की। न्यायमूर्ति भनोट के अदालत कक्ष में पहुंचने पर वकीलों ने विरोध किया और उनमें से कुछ ने नारेबाजी भी की। वकीलों के एक समूह ने मेज-कुर्सियों को कथित रूप से नुकसान पहुंचाया। यह घटनाक्रम एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा मंगलवार को



मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर न्यायमूर्ति भनोट के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने के एक दिन बाद हुआ है। पत्र में आरोप लगाया कि 27 को न्यायमूर्ति भनोट ने एक अधिवक्ता वीपी श्रीवास्तव को अपमानित किया।

एजीए ने अधिवक्ता को फटकार लगाई

पत्र के मुताबिक पुलिस अधीक्षक स्तर के एक अधिकारी अपर शासकीय अधिवक्ता (एजीए) के पीछे वाली पंक्ति में बैठे थे। इसी दौरान एक वकील ने यह कहते हुए उनसे पीछे की पंक्ति में बैठने को कहा कि वह सीट उनकी नहीं है। आरोप है कि इस पर एजीए ने अधिवक्ता को फटकार लगाई और कहा कि वह इसकी शिकायत न्यायाधीश से करेंगे।

टाटा समूह में विवाद पर राहुल का आरोप

समूह को बर्बाद किया जा रहा कारोबारी कब तक चुप रहेंगे?

कोई भी कारोबारी नेता इसके खिलाफ बोलने की हिम्मत नहीं जुटा रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टाटा समूह में नेतृत्व को लेकर चल रहे विवाद पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कारोबारी जगत की चुप्पी पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि टाटा समूह को 'आपराधिक तरीके से बर्बाद किया जा रहा है', लेकिन कोई भी कारोबारी नेता इसके खिलाफ बोलने की हिम्मत नहीं जुटा रहा है। राहुल गांधी की टिप्पणी टाटा



राहुल गांधी



निर्मला सीतारमण

ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा और टाटा संस के बीच नेतृत्व को लेकर जारी विवाद के बीच आई है। विवाद टाटा संस के कार्यकारी चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन की दोबारा नियुक्ति से जुड़ा है।

7 सितंबर को बोर्ड में उन्हें अगले पांच साल के कार्यकाल के लिए फिर नियुक्त करने का प्रस्ताव पारित होने की बात सामने आई थी। नोएल टाटा ने इस प्रक्रिया पर आपत्ति जताते हुए इसे कानूनी रूप से अमान्य बताया है। नोएल टाटा ने मांग की है कि कार्यकाल बढ़ाने से संबंधित उल्लेख बोर्ड बैठक के आधिकारिक कार्यवृत्त से हटाए जाएं और इससे जुड़े वैधानिक दस्तावेज वापस लिए जाएं। उनका तर्क है कि नियुक्ति टाटा संस के एसोसिएशन के नियमों में निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप नहीं हुई।

सीतारमण बोलीं

राहुल जी, हर मुद्दे का राजनीतिकरण न करें

राहुल गांधी के आरोपों पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पलटवार करते हुए कहा कि हर मुद्दे को राजनीतिक रंग देना उचित नहीं है। उन्होंने कारोबारी और कानूनी विवादों को बिना पर्याप्त आधार के आपराधिक बताने पर भी सवाल उठाए। सीतारमण ने राहुल को नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी याद दिलाते हुए पूछा कि क्या वह कारोबारी नेताओं को भड़काकर उनके बीच अविश्वास और कटुता फैलाना चाहते हैं। वित्त मंत्री ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी और उनकी पार्टी भारतीय उद्योग तथा उद्यमियों की उपलब्धियों की बार-बार आलोचना करते रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस के शासनकाल के लाइसेंस-कोटा राज का उल्लेख करते हुए कहा कि उस व्यवस्था ने उद्यमियों की संभावनाओं को सीमित किया और देश के आर्थिक विकास को प्रभावित किया।

NATIONAL PROGRAMME FOR PREVENTION & CONTROL OF NON-COMMUNICABLE DISEASES DNP-NCDT
हरियाणा सरकार
NATIONAL HEALTH MISSION राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

हरियाणा सरकार द्वारा
सभी जिला सिविल अस्पतालों में
स्ट्रोक केयर सेवाएं
उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

विश्व स्ट्रोक दिवस 29 अक्तूबर, 2026
हर मिनट जरूरी होता है

स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं
स्ट्रोक के खतरों से मुक्ति पाएं



- ब्लड प्रेशर
- ब्लड शुगर
- वज़न

को नियंत्रण में रखें

स्ट्रोक से कैसे बचें
- अत्यधिक नमक और मीठी चीज़ों का सेवन कम करें
- नियमित रूप से शारीरिक गतिविधि करें
- तंबाकू और शराब का सेवन न करें

स्ट्रोक को कैसे पहचानें

Balance	Eyes	Face	Arm	Speech	Time
B	E	F	A	S	T
संतुलन खोना	देखने में धुंधलापन	चेहरे के एक तरफ अचानक कमजोरी / झुकाव / सुन्नपन आना	बांह में कमजोरी / सुन्नता	बोलने में कठिनाई या अस्पष्ट वाणी	आपात स्थिति के लिए 112 पर कॉल करें

इन लक्षणों के दिखने पर मरीज को तुरंत नजदीकी जिला सिविल अस्पताल ले जाएं।

Please scan QR Code to visit us
Please Follow us on
@NHMHRY @NationalHealthMissionHaryana
@haryananhm @nhmharyana8720
स्वास्थ्य विभाग, हरियाणा
website : www.nhmharyana.gov.in
डायल करो 112 एम्बुलेंस की सेवा लो

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

चिंतन

कांग्रेस के लिए अब आत्ममंथन का समय

लोकतंत्र में चुनाव जीतने के लिए केवल सत्ता पक्ष की कमियां गिनाना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि जनता के सामने भरोसेमंद विकल्प पेश करना भी जरूरी है। दुर्भाग्य से कांग्रेस की राजनीति में इन दिनों चुनावी पारदर्शिता और वोट चोरी के आरोप प्रमुखता से छाए हुए हैं। राहुल गांधी विशेष रूप से निर्वाचन प्रक्रिया और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर लगातार सवाल उठा रहे हैं। चुनाव सुधारों पर सवाल उठाना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन इन सवालों के बीच जनता की वास्तविक समस्याएं और अपनी राजनीतिक कमजोरियां नजरअंदाज नहीं होनी चाहिए। चार राज्यों की 28 विधान परिषद सीटों के चुनाव में कांग्रेस का खाता तक नहीं खुलना पार्टी के लिए आत्ममंथन का गंभीर अवसर है। खास बात यह है कि ये चुनाव ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर से हुए थे। ऐसे में कांग्रेस के चुनावी प्रदर्शन पर सवाल उठना स्वाभाविक है। कांग्रेस लंबे समय से ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाती रही है और लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव बैलेट पेपर से कराने की मांग करती रही है। ऐसे में बैलेट पेपर से हुए एमएलसी चुनावों में पार्टी की निराशाजनक स्थिति उसके राजनीतिक तर्कों की परीक्षा भी है। जिन चार सीटों पर कांग्रेस का कब्जा था, वहां भी पार्टी अपनी बढ़त कायम नहीं रख सकी। खासकर कर्नाटक में सरकार होते हुए भी चारों सीटों पर हार का सामना करना पड़ा। इन नतीजों से यह निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा कि चुनाव प्रक्रिया को लेकर उठाए गए सभी सवाल निराधार हैं, लेकिन इतना जरूर है कि चुनावी हार का ठीकरा केवल व्यवस्था पर फोड़कर राजनीतिक जिम्मेदारी से बचा नहीं जा सकता। यदि बैलेट पेपर से चुनाव होने के बावजूद जनता का समर्थन नहीं मिल रहा, तो पार्टी को अपने संगठन, नेतृत्व, रणनीति, आत्ममंथन और जनसंपर्क की समीक्षा करनी चाहिए। एसआईआर को लेकर कांग्रेस के विरोध का भी निष्पक्ष आकलन जरूरी है। मतदाता सूची में गलत नामों को हटाना, मृत मतदाताओं और स्थान बदल चुके लोगों के रिकॉर्ड दुरुस्त करना तथा पात्र नागरिकों का नाम सूची में सुनिश्चित करना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है। लेकिन इस प्रक्रिया में किसी वास्तविक मतदाता का नाम अनुचित तरीके से कटता है, तो उसका विरोध भी उतना ही आवश्यक है। इसलिए बहस का केंद्र यह होना चाहिए कि मतदाता सूची कितनी शुद्ध हुई और कहीं पात्र मतदाताओं के अधिकार तो प्रभावित नहीं हुए। केवल नाम कटने की कुल संख्या के आधार पर न तो पूरी प्रक्रिया को गलत ठहराया जा सकता है और न ही उसे पूरी तरह निर्दोष घोषित किया जा सकता है। कांग्रेस को आरोपों के साथ ठोस प्रमाण और सुधार के व्यावहारिक सुझाव भी सामने रखने चाहिए। बता दें कि एसआईआर के तहत 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की प्रारूप मतदाता सूचियों से करीब 13.37 करोड़ नाम हटाए गए, जो पूर्व मतदाता सूचियों के कुल मतदाताओं का लगभग 14.1 प्रतिशत है। कांग्रेस देश का प्रमुख विपक्षी दल है। लोकतंत्र में उसकी मजबूती केवल उसके अपने राजनीतिक भविष्य के लिए नहीं, बल्कि स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रतिस्पर्धा के लिए जरूरी है। इसके लिए उसे चुनावी हार के कारणों का ईमानदारी से विश्लेषण करना होगा। संगठन को मजबूत करने, स्थानीय नेतृत्व को अवसर देने, जनता के बीच निरंतर मौजूद रहने और ठोस नीतिगत विकल्प पेश करने पर ध्यान देना होगा। कांग्रेस को यह समझना होगा कि चुनावी सफलता का रास्ता केवल विरोध से नहीं, बल्कि विकल्प बनने से निकलता है।



प्रदूषण

रोहित कौशिक

जहरीली हवा की गिरफ्त में जिंदगी

दिल्ली और एनसीआर की वायु गुणवत्ता एक बार फिर खराब श्रेणी में पहुंच गई है। हर साल अक्टूबर-नवम्बर में दिल्ली-एनसीआर तथा देश के कई भागों में प्रदूषण के कारण हवा की गुणवत्ता काफी खराब हो जाती है। इस साल भी यही हाल है और विशेषज्ञों ने अगले कुछ दिनों में हवा में विषाक्तता बढ़ने का अनुमान लगाया है। इस प्रदूषण के लिए किसानों द्वारा पराली जलाने को एक बड़ा कारण माना जाता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि पराली जलाना इस समस्या का एक कारण है। कुछ लोग और बुद्धिजीवी किसानों द्वारा पराली जलाने की प्रक्रिया को ऐसे प्रचारित करते हैं जैसे इस प्रदूषण का केवल यही एक कारण है। केवल पराली जलाने की प्रक्रिया को ही इस प्रदूषण के लिए जिम्मेदार नहीं माना जा सकता। इसके साथ ऐसे अनेक कारण है जो इन दिनों प्रदूषण बढ़ाकर हवा की गुणवत्ता खराब करते हैं। सवाल यह भी है सरकार अभी तक पराली निस्तारण का कोई ठोस विकल्प क्यों प्रस्तुत नहीं कर पाई है ?

दिल्ली और एनसीआर की वायु गुणवत्ता एक बार फिर खराब श्रेणी में पहुंच गई है। हर साल अक्टूबर-नवम्बर में दिल्ली-एनसीआर तथा देश के कई भागों में प्रदूषण के कारण हवा की गुणवत्ता काफी खराब हो जाती है। इस साल भी यही हाल है और विशेषज्ञों ने अगले कुछ दिनों में हवा में विषाक्तता बढ़ने का अनुमान लगाया है। इस प्रदूषण के लिए किसानों द्वारा पराली जलाने को एक बड़ा कारण माना जाता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि पराली जलाना इस समस्या का एक कारण है। कुछ लोग और बुद्धिजीवी किसानों द्वारा पराली जलाने की प्रक्रिया को ऐसे प्रचारित करते हैं जैसे इस प्रदूषण का केवल यही एक कारण है। केवल पराली जलाने की प्रक्रिया को ही इस प्रदूषण के लिए जिम्मेदार नहीं माना जा सकता।

हर साल देश की राजधानी दिल्ली और आस-पास के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण कम करने के लिए कई उपाय किए जाते हैं लेकिन ये उपाय पूरी तरह कारगत साबित नहीं हो पा रहे हैं। ऊर्जा एवं स्वच्छ वायु अनुसंधान केन्द्र (सीआरईए) द्वारा हाल ही में जारी एक रिपोर्ट में बताया गया है कि दिल्ली वर्ष 2022 में चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्ययोजना (ग्रैप) में संशोधन के बाद पिछले चार साल में सर्दी के दौरान वायु गुणवत्ता में सतत सुधार नहीं हुआ है। दरअसल वायु प्रदूषण बढ़ने से सांस के रोगियों की समस्या बढ़ जाती है और स्वस्थ व्यक्ति को भी सांस सम्बन्धी बीमारियां होने की संभावना बढ़ जाती है। वायु प्रदूषण बढ़ने पर सरकारें जरूर सक्रिय होती हैं, लेकिन जैसे ही प्रदूषण कम होता है, सरकारें पुनः सो जाती हैं। जबकि वायु प्रदूषण कम करने वाले उपायों पर पूरे साल सक्रियता के साथ काम होते रहना चाहिए। हमें यह समझना होगा कि कोई भी तकनीक प्रदूषण को कम करने में सहायता तो कर सकती है, लेकिन इसे पूरी तरह से खत्म नहीं कर सकती। कई बार मौसम में परिवर्तन भी इस प्रदूषण के लिए जिम्मेदार होता है। रही-सही कसर हमारी नासमझी और मानवीय गतिविधियां पूरी कर देती हैं। यही कारण है कि हर साल अक्टूबर-नवम्बर में होने वाले इस प्रदूषण कम करने के लिए नीतियां तो बनती हैं लेकिन उनका सही ढंग से क्रियान्वयन न होने के कारण नतीजा ढाक के तीन पात रहता है। सरकारी नीतियों के सही ढंग से क्रियान्वयन के साथ जब तक जनता पूर्ण रूप से जागरूक नहीं होगी, वायु प्रदूषण को पूरी तरह से कम नहीं किया जा सकता।

इस समय तापमान में गिरावट, हवा की धीमी गति और वातावरण में नमी बढ़ने से प्रदूषक लंबे समय तक जमीन के करीब रहते हैं। इससे हवा में धूल, धुआं और हानिकारण गैसों की मात्रा बढ़ जाती है। दरअसल धूल, धुएं और कुहासे से बना स्मॉग हमारे लिए कई समस्याएं पैदा करता है। जब ईंधन जलता है, वायुमंडलीय प्रदूषण या गैसें हवा में मौजूद सूरज की रोशनी और वातावरण में



इसकी गर्मी के साथ प्रतिक्रिया करती हैं, जिससे स्मॉग बनता है। इस मौसम में हर साल इस स्मॉग के कारण प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ जाता है। निमार्ण कार्य भी इस प्रदूषण के लिए जिम्मेदार होते हैं। इसके साथ ही वाहनों का प्रदूषण भी इस स्मॉग को बढ़ाता है। गौरतलब है कि काफी वायु प्रदूषण वाहनों के माध्यम से होता है। वाहनों से निकलने वाले धुएं में कार्बन मोनोऑक्साइड ,नाइट्रोजन के ऑक्साइड, हाडड्रोकार्बन तथा सस्पेन्डेड परटिकुलेट मैटर जैसे खतरनाक तत्व एवं गैसे होती हैं जो स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक हैं। कार्बन मोनोऑक्साइड जब सांस के माध्यम से शरीर के अन्दर पहुंचता है तो वहां हीमोग्लोबिन के साथ मिलकर कार्बोक्सीहीमोग्लोबिन नामक तत्व बनाता है। इस तत्व के कारण शरीर में आक्सीजन का परिवहन सुचारू रूप से नहीं हो पाता है।

नाइट्रोजन मोनोऑक्साइड एवं नाइट्रोजन डाइऑक्साइड भी कम खतरनाक नहीं हैं। नाइट्रोजन मानोऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड की तरह ही हीमोग्लोबिन के साथ मिलकर शरीर में आक्सीजन की मात्रा घटाता है। इसी तरह नाइट्रोजन डाइऑक्साइड फेफड़ों के लिए बहुत ही खतरनाक है। इसकी अधिकता से दमा और ब्रोकाइटिस जैसे रोग होने की संभावना बढ़ जाती है। वातावरण में हाइड्रोकार्बन की अधिकता कैंसर जैसे रोगों के लिए जिम्मेदार है। वाहनों से निकलने वाला इथाईलीन जैसा हाडड्रोकार्बन थोड़ी मात्रा में भी पौधों के लिए हानिकारक है। सस्पेन्डेड परटिकुलेट मैटर बहुत छोटे-छोटे कणों के रूप में विभिन्न स्वास्थ्यगत समस्याएं पैदा करते हैं। ऐसे तत्व हमारे फेफड़ों को नुकसान पहुंचाकर सांस संबंधी रोग उत्पन्न करते हैं। वास्तविकता यह है कि आज पर्यावरण के अनुकूल तकनीक के बारे में सोचने की फुर्सत किसी को नहीं है। पुराने जमाने में पर्यावरण के हर अवयव को भगवान का दर्जा दिया जाता था। इसीलिए हम पर्यावरण के हर अवयव की इज्जत करना जानते थे। नए जमाने में पर्यावरण के अवयव वस्तु के तौर पर देखे जाने लगे और हम इन्हें मात्र भोग की वस्तु मानने लगे। उदारीकरण की आंधी ने तो हमारे समस्त ताने-बाने को ही नष्ट कर दिया। इस प्रक्रिया ने पर्यावरण के अनुकूल समझ विकसित करने में बाधा पहुंचाई। यह समझ विकसित करने के लिए एक बार फिर हमें नए सिरे से सोचना होगा। हमें यह मानना होगा कि प्रदूषण की यह समस्या किसी एक शहर ,राज्य या देश के सुधरने से हल होने वाली नहीं है। पर्यावरण की कोई ऐसी परिधि नहीं होती है कि एक जगह प्राकृतिक संसाधनों का दोहन या प्रदूषण होने से उसका प्रभाव दूसरी जगह न पड़े। इसीलिए इस समय सम्पूर्ण विश्व में पर्यावरण के प्रति चिन्ता देखी जा रही है। सवाल यह है कि क्या खोखले आदर्शवाद से वायु प्रदूषण का मुद्दा हल हो सकता है ?

दरअसल जब हम प्रकृति का सम्मान नहीं करते हैं तो वह प्रत्यक्ष रूप से तो हमें हानि पहुंचाती ही है, परोक्ष रूप से भी हमारे सामने कई समस्याएं खड़ी करती है। दरअसल हर साल अक्टूबर-नवम्बर होने वाले इस वायु प्रदूषण के लिए सरकारी नीतियां अपनी जगह जिम्मेदार हैं लेकिन इस सम्बन्ध में जब तक जनता जागरूक नहीं होगी, तब तक कोई सार्थक और ठोस हल नहीं निकल पाएगा। अब समय आ गया है कि हम इस वायु प्रदूषण को रोकने के लिए गम्भीरता के साथ काम करें।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

आस्था

महेन्द्र तिवारी



दांपत्य जीवन की मधुर परंपरा है करवा चौथ पर्व

भारतीय संस्कृति में त्योहारों और व्रतों का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। यह केवल कर्मकांड नहीं हैं बल्कि मानवीय भावनाओं, रिश्तों और प्रकृति के साथ गहरे जुड़ाव के प्रतीक हैं। इन्हीं में से एक अत्यंत पावन और महत्वपूर्ण पर्व करवा चौथ है, जिसे विशेष रूप से उत्तर भारत में पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह पर्व कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को पड़ता है। दांपत्य जीवन में प्रेम, त्याग, समर्पण और अटूट विश्वास का प्रतीक यह व्रत मुख्य रूप से सुहागिन महिलाओं द्वारा अपने पति की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के लिए रखा जाता है। यह व्रत सूर्योदय से पूर्व प्रारंभ होता है और रात्रि में चंद्रमा के दर्शन के पश्चात ही पूर्ण माना जाता है। यह कठोर निर्जला व्रत स्त्री की मानसिक और शारीरिक दृढ़ता के साथ ही उसके असीम प्रेम को भी दर्शाता है। इस व्रत की शुरुआत अत्यंत पवित्रता के साथ भोर के समय होती है। सूर्योदय से पूर्व तारे निकलते समय महिलाएं उठकर स्नान आदि से निवृत्त होती हैं। इस समय सास अपनी बहू को सरगी देती है। सरगी एक प्रकार का आशीर्वाद और प्रेम का प्रतीक है जिसमें फल, मिठाइयां, सूखे मेवे और सुहाग की सामग्री शामिल होती है। सरगी ग्रहण करने के पश्चात निर्जला व्रत आरंभ हो जाता है। दिनभर महिलाएं घर के कार्यों में व्यस्त रहती हैं लेकिन उनके मन में निरंतर अपने पति के कल्याण और ईश्वर की भक्ति का भाव रहता है। यह समय आत्म संयम का होता है। शारीरिक भूख और प्यास पर विजय प्राप्त कर मन को एकाग्र करना इस व्रत का मुख्य उद्देश्य है। यह केवल एक शारीरिक तप नहीं है बल्कि मानसिक शुद्धता का भी एक बहुत बड़ा माध्यम है। भारत की विविधता इसके त्योहारों में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। यद्यपि करवा चौथ मुख्य रूप से उत्तर भारतीय राज्यों जैसे पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश का पर्व है परंतु अब इसका विस्तार संपूर्ण भारत में हो चुका है। प्रत्येक क्षेत्र में इस व्रत को मनाने के कुछ अपने स्थानीय रीति रिवाज हैं। पंजाब में भोर के समय सरगी का अत्यधिक महत्व है और वहां की महिलाएं पूरे दिन लोकगीतों के माध्यम से इस उत्सव को मनाती हैं। राजस्थान में सुहागिनें अपनी पारंपरिक वेशभूषा पहनकर मिट्टी के करवे को सजाती हैं और समूह में बैठकर कथा वाचन करती हैं। स्थानों और परंपराओं की इस भिन्नता के बीच जो एक बात समान रहती है वह है पति पत्नी के बीच का निस्वार्थ प्रेम और पारिवारिक कल्याण की असीम कामना। यह क्षेत्रीय विविधता इस पर्व की सुंदरता को और भी अधिक बढ़ा देती है जिससे यह संपूर्ण राष्ट्र के लिए एक सांस्कृतिक सूत्र बन जाता है। जैसे जैसे रात्रि होती है चंद्रमा की प्रतीक्षा बढ़ने लगती है। हर किसी की दृष्टि आकाश की ओर टिकी होती है। चंद्रमा के उदय होने का क्षण इस व्रत का सबसे भावुक और अलौकिक पल होता है।

चंद्रमा को शीतलता, शांति और दीर्घायु का प्रतीक माना जाता है। इस पर्व में छलनी से चंद्रमा को देखने के पीछे भी एक अत्यंत गहरा दार्शनिक और आध्यात्मिक अर्थ छिपा हुआ है। ऐसा माना जाता है कि छलनी के माध्यम से चंद्रमा की किरणें छनकर आती हैं जिससे उनकी शीतलता और पवित्रता और अधिक बढ़ जाती है। छलनी का उपयोग इस बात का भी प्रतीक है कि दांपत्य जीवन में जो भी दोष या बुराइयां हों वे सब छनकर बाहर निकल जाएं और केवल प्रेम, विश्वास और शुद्धता ही शेष रहे। इसके पश्चात पति अपनी पत्नी को अपने हाथों से जल पिलाकर और कोई मिठाई खिलाकर उसका व्रत पूर्ण करवाते हैं। यह पर्व कृषि और प्रकृति से भी बहुत गहराई से जुड़ा हुआ है। कार्तिक मास में गेहूं की बुवाई का समय होता है। पूजा में उपयोग होने वाले मिट्टी के करवे में गेहूं के दाने रखे जाते हैं जो अच्छी फसल और घर में समृद्धि की कामना का प्रतीक हैं। प्रकृति के पंचतत्वों में से एक जल का संरक्षण और उसका सम्मान भी इस व्रत में देखा जा सकता है। मिट्टी का पात्र, जल, चंद्रमा और अन्न, ये सभी प्राकृतिक तत्व इस पर्व को प्रकृति के अत्यंत समीप ले जाते हैं। वर्तमान समय में इस व्रत का स्वरूप थोड़ा विस्तृत हुआ है। यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान न रहकर दो लोगों के बीच के गहरे भावनात्मक रिश्ते का उत्सव बन गया है। यह पर्व यह संदेश देता है कि वैवाहिक जीवन केवल कर्तव्यों का निर्वाह नहीं है, बल्कि यह एक दूसरे की भलाई के लिए किए गए निरंतर प्रयासों, सम्मान और निस्वार्थ प्रेम की एक यात्रा है। करवा चौथ का यह पावन पर्व सदियों से भारतीय समाज में पारिवारिक मूल्यों और दांपत्य जीवन की पवित्रता को सींचता आ रहा है और भविष्य में भी यह अपनी इसी गरिमा के साथ हमारी सांस्कृतिक धरोहर का एक अभिन्न अंग बना रहेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

गुणों के विकास से आध्यात्मिक स्वास्थ्य संभव



संकलित

दर्शन

हमारे पास एक शरीर है, हमें उसका पोषण करना है और जब वह रोगग्रस्त हो जाता है, तब हमें उसकी देखभाल करनी है। हमें उसके आरोग्य का उपाय ढूंढना है और जीवन के भौतिक पक्ष से जुड़े सभी विषयों पर ध्यान देना है, परंतु बात यह है कि प्रायः मानव जाति केवल यहीं पर रुक जाती है। उससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि हमारे अस्तित्व का एक मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक और उच्चतर आध्यात्मिक आयाम भी है। इसलिए सफलता का उनका (परमहंसजी का) मार्ग था उचित संतुलन को प्राप्त करना। वहां, जहां आप भौतिक सफलता और समृद्धि प्राप्त करते हैं। जहां आपके पास भावनात्मक संतुलन और आंतरिक शांति होती है। आध्यात्मिक रूप से आपके पास एक उच्चतर उद्देश्य के लिए अपने जीवन को संचालित करने का ज्ञान होता है, न केवल धन एकत्र करना और परिवार व संतानों की उपलब्धि, अपितु यह अनुभव करने का एक उच्चतर उद्देश्य कि मैं ईश्वर का एक स्फुलिंग हूं, मैं इस भौतिक शरीर में निवास करने वाला आत्मा हूं और अपने जीवन के सभी पक्षों में ईश्वर के पूर्ण साक्षात्कार और अभिव्यक्ति की प्राप्ति ही मेरा अंतिम उद्देश्य है। एक बार जब आप यह धारणा बना लेते हैं, तो जीवन अत्यंत रोमांचक हो जाता है, क्योंकि सब प्रकार के कौशल, क्षमताएं और योग्यताएं आपके लिए उपलब्ध हैं। ये प्रत्येक मनुष्य की अक्षय निधि का अंग हैं, परंतु वे तब तक पूर्ण रूप से निष्क्रिय रहती हैं, जब तक उन्हें सचेतन एकाग्रता और सचेतन प्रयास के द्वारा जाग्रत नहीं किया जाता है।

बहरूपियों से हमेशा सतर्क व सावधान रहें



संकलित

प्रेरणा

एक कबूतर और एक कबूतरी एक पेड़ की डाल पर बैठे थे। उन्हें बहुत दूर से एक आदमी आता दिखाई दिया। कबूतरी के मन में कुछ शंका हुई और उसने कबूतर से कहा कि चलो जल्दी उड़ चले नहीं तो ये आदमी हमें मार डालेगा। कबूतरने लंबी सांस लेते हुए आराम के साथ कबूतरी से कहाः भला उसे ध्यान से देखो तो सही, उसके कपड़े देखो, चेहरे से भोलापन टपक रहा है, ये हमें क्या मारेगा, बिलकुल सज्जन पुरुष लग रहा है। कबूतर की बात सुनकर कबूतरी चुप हो गई। जब वह आदमी उनके पास आया तो अचानक उसने अपने वस्त्र के अंदर से तीर कमान निकाला और झट से कबूतर को मार दिया। और बेचारे उस कबूतरके वहीं प्राण पखेरू उड़ गए। असहाय कबूतरी ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई और बिलखने लगी। उसके बाद वह कबूतरी रोती हुई अपनी फरियाद लेकर राजा के पास गई और राजा को उसने पूरी घटना बताई। तुरंत शिकारी को पकड़ कर दरबार में लाया गया। शिकारी ने डर के कारण अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उसके बाद राजा ने कबूतरी को ही उस शिकारी को सजा देने का अधिकार दे दिया। कबूतरी ने बहुत दुःखी मन से कहा किः मेरे विचार से इस क्रूर शिकारी को बस इतनी ही सजा दी जानी चाहिए कि अगर वो शिकारी है तो उसे हर समय शिकारी वाले कपड़े पहनना चाहिए। ये अच्छे व्यक्ति वाले कपड़े उतार दे क्योंकि अच्छे व्यक्ति वेल कपड़े पहन कर धोखे से घिनौने कर्म करने वाले सबसे बड़े नीच होते हैं।

अंतर्मन



आज की पाती

गलत खान-पान का शिकार होता दिल

स्वास्थ्य ही सच्चा धन होता है, लेकिन अफसोस आज हमने आधुनिकता और भौतिकतावाद की अंधी दौड़ में इस सच्चे धन की परवाह करना ही छोड़ दिया है, इस कारण आज दुनिया में जानलेवा बीमारियों का दायरा बढ़ता जा रहा है, विशेषज्ञ बताते हैं कि दुनियाभर में बहुत से लोगों की मौत हार्ट अटैक से होती है। आज दुनियाभर में दिल की बीमारी के मरीजों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है और इसका शिकार अब उम्रदराज लोग ही नहीं, बल्कि युवा और बच्चे भी हो रहे हैं। अगर दिल की बीमारियों से बचना है तो सबसे पहले अपने खान-पान और जीवनशैली पर ध्यान देना होगा, चिंता और तनाव से बचना होगा, प्रकृति के साथ जुड़ना होगा और साफ सफाई का भी ख्याल रखना होगा।

- भुवि भारद्वाज, भिवानी

ट्रेंड

भारत-लिकटेंस्टीन संबंध



लिकटेंस्टीन के हेरेडिटरी प्रिंस एलोइस के साथ एक बेहतरीन मुलाकात हुई। हमारी बातचीत काफी व्यापक रही और इसमें कई क्षेत्रों में भारत-लिकटेंस्टीन संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

कैप्टन मच्छार को बधाई



कैप्टन स्मित मच्छार को यूएई के प्रतिष्ठित सम्मान 'फर्स्ट क्लास ऑर्डर ऑफ ज़ायद II' से नवाजे जाने पर हार्दिक बधाई। उन्होंने असाधारण साहस दिखाते हुए 170 से अधिक यात्रियों की सुरक्षा की और एक संभावित विमान हादसे को टाल दिया।

-डॉ. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश

पंजाब में गठबंधन



जिस व्यक्ति ने पंजाब में 736 करोड़ रुपये की ड्रग्स बेचीं और वह पैसा अपने बैंक खातों में जमा किया, अमित शाह अब उसी के साथ गठबंधन करके पंजाब को फिर से ड्रग्स में डुबोने की तैयारी कर रहे हैं। पंजाब के लोग ऐसा बिल्कुल नहीं होने देंगे।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

आरोप-प्रत्यारोप का स्तर




भारतीय राजनीति में आपसी अविश्वास, दुश्मनी, कड़वाहट, और एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का स्तर इतना गिर गया है कि अब यह व्यक्तिगत स्तर पर भी पूरी तरह बेलगाम हो गया है। यह व्यवहार अब असंसदीय, अभद्र, अपमानजनक और संकीर्ण सोच वाला हो गया है।

- मायावती, पूर्व सीएम, यूपी

करंट अफेयर

बुद्ध की शिक्षाएं अमेरिका और भारत के समाज को जोड़ती हैं



अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने कहा कि भगवान बुद्ध की सदियों पुरानी शिक्षाएं भारत और अमेरिका के समाजों को जोड़ती हैं और दोनों देशों के बीच सहयोग एवं साझेदारी का बुनियादी आधार हैं।

न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित 'भारत का शाश्वत संदेश : प्राचीन काल से समकालीन समय तक बौद्ध धर्म' विषयक सम्मेलन में मंगलवार को विशेष संबोधन देते हुए क्वात्रा ने कहा कि बुद्ध की शिक्षाएं करीब 2,500 साल पुरानी होने के बावजूद आज भी प्रासंगिक हैं और दोनों देशों के समाजों को जोड़ती हैं। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक परंपराएं और बुद्ध की शिक्षाओं को बौद्धिक रूप से आत्मसात करना दोनों देशों के मजबूत संबंधों का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने अमेरिका को बौद्ध विचारों के अकादमिक अध्ययन और उनकी गहरी समझ का प्रमुख केंद्र बताया। क्वात्रा ने कहा कि बुद्ध की शिक्षाओं को समझने का प्रयास करना ही किसी व्यक्ति के लिए प्रेरणादायक यात्रा है। उन्होंने कहा कि इन शिक्षाओं का मूल स्वरूप नहीं बदला है, बल्कि समय के साथ उनकी व्याख्याएं बदली हैं। उन्होंने बताया कि भारत अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के रूप में नालंदा को पुनर्जीवित करने के लिए प्रयास कर रहा है।

ऑफ बीट

ह्यूमन कंपोस्टिंग अर्थात मृत शरीर से खाद बनाना



अब न्यू साउथ वेल्स मानव शरीर के अंतिम संस्कार के एक अन्य तरीके को कानूनी अनुमति देने वाला ऑस्ट्रेलिया का पहला राज्य बन गया है। इसे 'ह्यूमन कंपोस्टिंग'' कहा जाता है। तकनीकी रूप से इसे 'नेचुरल ऑर्गेनिक रिडक्शन' और कानूनी तौर पर 'टेरामेशन' नाम दिया गया है। इस प्रक्रिया में सूक्ष्मजीवों की मदद से मानव अवशेषों को खाद जैसे पदार्थ में बदला जाता है। मानव शरीर को खाद में बदलने का विचार असामान्य या असहज लग सकता है। लेकिन यह प्रक्रिया वास्तव में कैसे काम करती है? क्या यह मौजूदा तरीकों से बेहतर विकल्प है? इन सवालों के जवाब के लिए पहले यह समझना जरूरी है कि अपघटन कैसे होता है और प्रकृति में इसकी क्या भूमिका है। इतिहास में मनुष्यों ने मृतकों के शरीर को सुरक्षित रखने, संरक्षित करने और उन्हें वस्त्र पहनाने के लिए अलग-अलग परंपराएं विकसित की हैं। कुछ लोग चाहते हैं कि शरीर जल्दी मिट्टी में मिल जाए, जबकि दूसरे उसे लंबे समय तक सुरक्षित रखने को प्राथमिकता देते हैं। प्राचीन दफन पात्रों और भव्य कब्रों से लेकर ताबूतों, कफन और शव को रासायनिक पदार्थों से संरक्षित करने की परंपराओं तक, इन तौर-तरीकों में सांस्कृतिक और धार्मिक मान्यताएं झलकती हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

डब्ल्यूपीएल 2027 नीलामी
गुजरात जायंट्स में शामिल हुईं कमलिनी

सबसे महंगी खिलाड़ी बनीं सोफी, यूपी वॉरियर्स ने 1.10 करोड़ में खरीदा

एजेंसी ▶▶| कोच्चि

महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2027 की नीलामी के शुरुआती चरण में ऑस्ट्रेलिया की कप्तान सोफी मोलिनेक्स सबसे महंगी खिलाड़ी रहीं। बुधवार को यूपी वॉरियर्स ने उन्हें 1.10 करोड़ रुपए में अपनी टीम में शामिल किया।

गुजरात जायंट्स (जीजी) ने भारत की युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज जी. कमलिनी को उनके बेस प्राइस 40 लाख रुपए में खरीदा। 2024 में खिताब जीतने वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) टीम का हिस्सा रहीं सोफी डब्ल्यूपीएल 2026 में नहीं खेल पाई थीं। उन्होंने अपना बेस प्राइस 50 लाख रुपए रखा था। यूपी वॉरियर्स ने बोली की शुरुआत की, लेकिन आरसीबी भी मुकाबले में बनी रही और एक मिनट से भी कम समय में कीमत 95 लाख रुपये तक पहुंच गई। यूपी वॉरियर्स ने बोली बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये कर दी, जिसके जवाब में आरसीबी ने 1.05 करोड़ रुपए की बोली लगाई। अंत में यूपी वॉरियर्स ने 1.10 करोड़ रुपए की बोली लगाकर उन्हें अपनी टीम में शामिल कर लिया। बाएं हाथ की स्पिन ऑलराउंडर, हिप की चोट से उबरने के बाद हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लौटी है।



मुंबई इंडियंस से रिलीज हुईं कमलिनी

नीलामी से पहले मुंबई इंडियंस की ओर से रिलीज की गईं कमलिनी को लेकर काफी उम्मीदें थीं कि उन्हें बड़ी रकम मिलेगी। हालांकि, 2027 अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप टीम में जगह न मिलने के कारण, उन्हें लेकर कोई खास होड़ नहीं दिखी और वह आसानी से गुजरात जायंट्स में चली गईं, क्योंकि किसी और फ्रेंचाइजी ने उनके लिए बोली नहीं लगाई। मुंबई इंडियंस के लिए डब्ल्यूपीएल में उनका प्रदर्शन भले ही औसत रहा हो, लेकिन 2025 अंडर-19 विश्व कप जीतने वाली टीम की सदस्य रहीं कमलिनी, सीनियर टीम के अलावा इंडिया ए और तमिलनाडु की टीमों का भी हिस्सा रही हैं।



दिल्ली कैपिटल्स ने किरण नवगिरे को 75 लाख रुपए में खरीदा

गुजरात जायंट्स ने आयरलैंड की सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर ओर्ला प्रेंडरगास्ट को भी 30 लाख रुपए में अपनी टीम में शामिल किया। दिल्ली कैपिटल्स ने नीलामी में अपनी पहली खरीदारी करते हुए भारतीय बल्लेबाज किरण नवगिरे को 75 लाख रुपए में खरीदा।

यूपी वॉरियर्स में शामिल हुईं स्नेह राणा और ग्रेस हैरिस



यूपी वॉरियर्स ने भारत की ऑफ-स्पिन ऑलराउंडर स्नेह राणा और ऑस्ट्रेलिया की आक्रामक ऑलराउंडर ग्रेस हैरिस को भी उनके 30 लाख रुपए के बेस प्राइस पर अपनी टीम में शामिल किया। आरसीबी में रिप्लेसमेंट खिलाड़ी के तौर पर शामिल रहीं गुजरात जायंट्स की पूर्व कप्तान स्नेह राणा के लिए कोई और बोली नहीं लगी, यहां तक कि उनकी पुरानी टीम दिल्ली कैपिटल्स ने भी उनके लिए बोली नहीं लगाई।

खबर संक्षेप



न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज नहीं खेलेंगे प्रसिद्ध


नई दिल्ली। भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा हैमस्ट्रिंग (मांसपेशियों में खिंचाव) की चोट से पूरी तरह उबरने में नाकाम रहने के कारण 4 नवंबर से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली 5 मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने यह जानकारी दी। इस बीच जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी ने लिंकन में भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच खेले गए पहले अनौपचारिक चार दिवसीय मुकाबले में अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया और प्रसिद्ध की जगह उन्हें मौका मिलने की संभावना है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, प्रसिद्ध अच्छी तरह से उबर रहे हैं।

कनाडा महिला ओपन से हटीं अनाहत



टोरंटो। स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह चोट के कारण कनाडा महिला ओपन के क्वार्टर फाइनल मुकाबले से हट गईं। उन्हें अंतिम आठ के मुकाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त फैरुज अबोलखेर से भिड़ना था। पेशेवर स्क्वाश संघ (पीएसए) की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार अनाहत ने चोट के कारण क्वार्टर फाइनल मुकाबले से हटने का फैसला किया। हालांकि उनकी चोट के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी गई।

31 अक्टूबर को भारतीय रेसिंग महोत्सव



नई दिल्ली। भारतीय रेसिंग महोत्सव 31 अक्टूबर को होने वाली एफ4 इंडियन चैंपियनशिप और एक नवंबर को होने वाली इंडियन रेसिंग लीग के साथ 13 साल बाद ग्रेटर नोएडा स्थित बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट (बीआईसी) में वापसी करेगा। एफ4 इंडियन चैंपियनशिप 5.125 किलोमीटर लंबे सर्किट पर 2026 के सत्र की अपनी चौथे दौर की रेस, जबकि इंडियन रेसिंग लीग (आईआरएल) अपने दूसरे दौर की रेस आयोजित करेगा। बीआईसी फॉर्मूला वन इंडियन ग्रां प्री और मोटोजीपी भारत की मेजबानी कर चुका है।

फरहान दूसरे तो किशन तीसरे स्थान पर पहुंचे

टी20 के नए किंग बने अभिषेक, ईशान को पछाड़ा

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट रैंकिंग में अपने हमवतन इशान किशन को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बन गए। अभिषेक ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में मंगलवार को 38 गेंद में 113 रन की तूफानी पारी खेली, जो उनका इस प्रारुप में चौथा शतक है।

उनकी इस पारी की बदौलत भारत ने छह विकेट से जीत दर्ज की। इसके एक दिन बाद वह रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए। चोट के कारण पांच मैच की श्रृंखला के दूसरे और तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में नहीं खेल सके किशन तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं।

अभिषेक की कुल रेटिंग 897 अंक

पाकिस्तान के टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान साहिबजादा फरहान दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर लिखा, 'इस पारी की बदौलत बाएं हाथ के बल्लेबाज अभिषेक ने अपने साथी खिलाड़ी ईशान किशन को पीछे छोड़कर टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में फिर से नंबर एक स्थान हासिल कर लिया।' अभिषेक के कुल 897 रेटिंग अंक हैं जबकि फरहान 883 अंक के साथ दूसरे और किशन 866 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। किशन ने आयरलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद जुलाई में अभिषेक को पीछे छोड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया था।



टेस्ट गेंदबाजों में शीर्ष पर यानसन

यानसन टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में भी शीर्ष पर पहुंच गए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को पीछे छोड़ा, जो दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। आईसीसी ने कहा, ''यानसन ने अपने करियर में पहली बार दो श्रेणियों में शीर्ष स्थान हासिल किया है। उन्होंने गकेबरहा में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के दूसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया पर दक्षिण अफ्रीका की शानदार जीत में अहम भूमिका निभाई। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने पहली पारी में बल्ले से 85 रन बनाने के अलावा मैच का रुख बदलने वाले पांच विकेट भी लिए।' यानसन टेस्ट बल्लेबाजों की आईसीसी रैंकिंग में भी 13 स्थान की छलांग लगाकर 56वें स्थान पर पहुंच गए हैं। टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह एक स्थान नीचे खिसककर 853 रेटिंग अंकों के साथ पांचवें स्थान पर आ गए हैं।

अय्यर को पांच स्थान का नुकसान

भारतीय टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान श्रेयस अय्यर को पांच स्थान का नुकसान हुआ है। वह 758 रेटिंग अंक के साथ दुनिया के नौवें नंबर के बल्लेबाज हैं। दक्षिण अफ्रीका के मार्को यानसन ने टेस्ट ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में अपने हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर भारत के रविंद्र जडेजा को पीछे छोड़ दिया।

नंबर एक बल्लेबाज बनीं लॉरा वोलवार्ट



महिला एकदिवसीय रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने भारत की स्मृति मंधाना को पीछे छोड़कर दुनिया की नंबर एक बल्लेबाज का स्थान हासिल कर लिया है। स्मृति एकदिवसीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर हैं जबकि टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की सूची में वह चौथे स्थान पर हैं। टी20 सूची में वह अपनी सलामी जोड़ीदार शेफाली वर्मा से एक स्थान पीछे हैं।



हरियाणा-मुंबई रणजी मुकाबला

मुशीर के शानदार ऑलराउंड खेल से मुंबई जीत के करीब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा और मुंबई के बीच रणजी ट्रॉफी का शरद पवार क्रिकेट अकादमी बीकेसी मुंबई में खेला जा रहा है। इस रोमांचक मुकाबले में हरियाणा के खिलाफ मुंबई की टीम ने अपनी स्थिति बेहद मजबूत कर ली है। मुंबई के युवा ऑलराउंडर मुशीर खान के शानदार प्रदर्शन के दम पर टीम ने हरियाणा पर शिकंजा कस दिया है। वहीं हरियाणा की ओर से रोहतक के ऑलराउंडर निशांत सिंधु ने शानदार शतकीय पारी खेलते हुए नाबाद 105 रन बनाए। इस पारी में आठ चौके और एक छक्का शामिल है। पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई ने अपनी पहली पारी में 430 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। मुंबई की ओर से अंगक्रिश रघुवंशी और मुशीर खान दोनों ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतकीय पारियां खेलीं। अंगक्रिश ने 114 और मुशीर खान ने 109 रन बनाए। हरियाणा की ओर से सामंत जाखड़ ने तीन और अमन कुमार ने दो विकेट लिए। इसके जवाब में उतरी हरियाणा की पहली पारी 270 रनों पर सिमट गई। हरियाणा की तरफ से निशांत सिंधु ने संकट के समय जुझारू पारी खेलते हुए नाबाद 105 रन बनाए और टीम को संभालने की कोशिश की। हालांकि, मुंबई के स्पिन गेंदबाजों के आगे हरियाणा के अन्य बल्लेबाज टिक नहीं सके। गेंदबाजी में मुशीर खान ने कहर बरपाते हुए 85 रन देकर 6 महत्वपूर्ण विकेट झटके और हरियाणा की कमर तोड़ दी। पहली पारी के आधार पर 160 रनों की विशाल बढ़त हासिल करने के बाद मुंबई ने हरियाणा को फॉलोऑन देने का फैसला किया। फॉलोऑन खेलने उतरी हरियाणा की दूसरी पारी की शुरुआत भी खराब रही और उसने शुरुआती झटके झेलते हुए स्कोरबोर्ड पर कुछ रन जोड़े, लेकिन टीम पर अभी भी पारी की हार का खतरा मंडरा रहा है। बुधवार को मैच खत्म होने पर हरियाणा ने दूसरी पारी में दो विकेट के नुकसान पर 73 रन बना लिए थे। निशांत सिंधु 22 और यशवर्धन दलाल 13 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए हैं।

हरियाणा पर पारी की हार का खतरा
फॉलोऑन के बाद दूसरी पारी में दो विकेट पर बनाए 73 रन
हरियाणा की ओर से निशांत सिंधु ने बनाए नाबाद 105 रन

संन्यास

3 बार ग्रैंड स्लैम चैंपियन वावरिंका ने टेनिस को कहा, 'अलविदा'

एजेंसी ▶▶| बासेल

तीन बार के ग्रैंड स्लैम विजेता स्टेन वावरिंका ने अपने घरेलू टूर्नामेंट स्विस इंडोर के पहले दौर में पराजय के साथ अपने शानदार टेनिस करियर का अंत किया।

इस 41 वर्षीय खिलाड़ी को पहले दौर में आठवीं वरीयता प्राप्त जिरी लेहेका ने 7-5, 7-6 (2) से हराया। वावरिंका का पेशेवर टेनिस खिलाड़ी के रूप में आखिरी शॉट एक बैकहैंड था, जो लक्ष्य से काफी दूर चला गया था। इससे दर्शकों में निराशा स्पष्ट नजर आ रही थी। वावरिंका 2002 में पेशेवर खिलाड़ी बने थे और उन्होंने पिछले साल दिसंबर में घोषणा की थी कि 2026 उनका टूर पर आखिरी साल होगा। वावरिंका ने कहा पिछले 20 सालों में एक खिलाड़ी के तौर पर मेरे बारे में अलग-अलग सोच रही है। मैं अपने करियर में बस इतना चाहता था कि अपना शत प्रतिशत दूं, हमेशा लड़ूं, कोई पछतावा न हो। अपने लिए, विरोधी के लिए, टूर्नामेंट के लिए, फैंस के लिए, सबके लिए सम्मान के साथ रहूं।



बीएफआई के गुट का अजय को हटाने के लिए बहुमत समर्थन का दावा

नई दिल्ली (भाषा)। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के अध्यक्ष अजय सिंह को हटाने की मांग कर रहे एक गुट ने बुधवार को 27 सदस्य इकाइयों का समर्थन होने का दावा करते हुए केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे से मुलाकात की और महासंघ में प्रशासनिक अनियमितताओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। निलंबित महासचिव प्रमोद कुमार, उपाध्यक्ष राजेश भंडारी और लियोनार्डो डीगामा तथा कोषाध्यक्ष पोन बास्करन सहित कार्यकारी समिति के 13 में से आठ सदस्य इस बैठक के लिए राष्ट्रीय राजधानी में जुटे। मध्य प्रदेश के दिग्विजय सिंह और असम के हेमंत कलिता भी अजय सिंह के खिलाफ शक्ति प्रदर्शन में शामिल थे। अजय सिंह के पिछले कार्यकाल में दिग्विजय कोषाध्यक्ष जबकि कलिता सचिव थे। पिछले साल तीसरी बार अध्यक्ष चुने गए अजय सिंह के खिलाफ शक्ति प्रदर्शन में 27 राज्य इकाइयों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

तीसरा वनडे जीती भारतीय महिला टीम, जिम्बाब्वे को किया क्लीन स्वीप

प्रतिका-शेफाली की दमदार पारी वैष्णवी ने झटके पांच विकेट

एजेंसी ▶▶| वडोदरा

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तीसरे वनडे मुकाबले में जिम्बाब्वे को 8 विकेट से रौंदा। बीसीए स्टेडियम में जिम्बाब्वे से मिले 132 रनों के लक्ष्य को भारतीय टीम ने आसानी से सिर्फ 17 ओवर में 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही।

यास्तिका भाटिया पहली ही गेंद पर बिना खाता खोले पवेलियन लौटीं। इसके बाद दूसरे विकेट के लिए हरलीन देओल और प्रतिका रावल ने मिलकर 59 रन जोड़े। हरलीन 19 रन बनाकर आउट हुईं। प्रतिका को शेफाली के रूप में एक और बढ़िया जोड़ीदार मिली। दोनों ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए 50 गेंदों में 74 रनों की अटूट साझेदारी निभाते हुए भारतीय टीम को शानदार जीत दिलाई।



प्रतिका 56 गेंदों में 59 रन बनाकर रहीं नाबाद

प्रतिका 56 गेंदों में 59 रन बनाकर नाबाद रहीं। उन्होंने अपनी इस पारी में 4 चौके और 3 छक्के लगाए। वहीं, शेफाली वर्मा ने सिर्फ 26 गेंदों का सामना करते हुए 51 रनों की धमाकेदार पारी खेली। शेफाली ने अपनी इस इनिंग में 6 चौके और 3 छक्के लगाए। शेफाली ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से मैच को पूरी तरह से एकतरफा बना दिया। जिम्बाब्वे की तरफ से नोमवेलो सिबांडा और लोरिन फिरी ने एक-एक विकेट चटकाया।

जिम्बाब्वे की बल्लेबाजों ने टेके घुटने

इससे पहले, जिम्बाब्वे की बल्लेबाजों ने भारतीय गेंदबाजों के आगे आसानी से घुटने टेक दिए और पूरी टीम 39.5 ओवर में 131 रन बनाकर ऑलआउट हुई। टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। लोरिन फिरी बिना खाता खोले आउट हो गईं। इसके बाद चिपो मुगेरी-तिरिपानो भी ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिक सकीं और केवल 4 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। बिलव्ड बीजा को वैष्णवी शर्मा ने हरमनप्रीत कौर के हाथों कैच आउट कराकर सिर्फ 1 रन पर आउट किया। **वैष्णवी ने 39 रन देकर चटकाए 5 विकेट** : भारत की ओर से गेंदबाजी में वैष्णवी शर्मा ने शानदार प्रदर्शन किया। 20 वर्षीय स्पिनर ने 10 ओवर में 39 रन देकर 5 विकेट लिए और जिम्बाब्वे की बल्लेबाजों के लिए अबूझ पहेली साबित हुईं। क्रांति गौड़ ने 7 ओवर में 23 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। वहीं, सायली सतघरे ने किफायती गेंदबाजी करते हुए 6 ओवर में सिर्फ 11 रन देकर 2 विकेट अपने नाम किए।

सोनीपत की काजल ढोचक और उत्तर प्रदेश की नीलम सिरोही ने रजत पदक जीता

विश्व कुश्ती चैंपियनशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारतीय महिला कुश्ती ने विश्व चैंपियनशिप के मंच पर एक नया और स्वर्णिम इतिहास रच दिया है। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबलों में देश की दो महिला पहलवानों हरियाणा के सोनीपत की काजल ढोचक और उत्तर प्रदेश की नीलम सिरोही को कड़े संघर्ष के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय कुश्ती के इतिहास में यह पहला मौका है जब महिला वर्ग में देश ने एक ही दिन दो रजत पदक अपने नाम किए हैं। महिला 76 किग्रा वर्ग के खिताबी मुकाबले में काजल ढोचक का सामना तीन बार की यूरोपीय चैंपियन अनास्तासिया अल्पयेयेवा से हुआ। यह मुकाबला बेहद रोमांचक और संघर्षपूर्ण रहा, जिसमें काजल को अंततः 6-8 से करीबी शिकस्त का सामना करना पड़ा और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। दो बार की अंडर-20 विश्व चैंपियन काजल के पास भारत की पहली महिला सीनियर विश्व चैंपियन बनने का





ऐतिहासिक अवसर था, मगर वे इस उपलब्धि से मामूली अंतर से चूक गईं। मुकाबले के दौरान एक समय स्कोर 4-4 की बराबरी पर था और 'क्राइटेरिया' के आधार पर काजल बढ़त बनाए हुए थीं। हालांकि, मैच समाप्त होने में महज 20 सेकंड का समय शेष रहते अल्पयेयेवा ने शानदार दांव लगाते हुए टेकडाउन किया और स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। दिन के पहले रजत पदक के रूप में नीलम सिरोही ने महिला 50 किग्रा वर्ग के फाइनल में अपनी चुनौती पेश की। कड़े मुकाबले में हार के बाद उन्हें भी रजत पदक से संतोष करना पड़ा, लेकिन उनका यह सफर भी उतना ही प्रेरणादायक रहा।

40 हजार फैंस की आने की उम्मीद

ईडन पार्क में चौथे टी20 में उमड़ेगा दर्शकों का सैलाब

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

भारत और न्यूजीलैंड के बीच शुक्रवार को ईडन पार्क में होने वाले चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच को देखने के लिए लगभग 40 हजार दर्शकों के आने की उम्मीद है, जो ऑकलैंड के इस मैदान के इतिहास में तीसरी सबसे बड़ी उपस्थिति होगी।

भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला के पहले तीन मैच जीतकर अजेय बढ़त हासिल कर ली है। इन तीनों मैच के लिए बड़ी संख्या में दर्शक स्टेडियम में पहुंचे थे। अभिषेक शर्मा और युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने मंगलवार को वेलिंगटन में खेले गए तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में धुआंधार बल्लेबाजी का अद्भुत नमूना पेश किया, जिससे भारत ने 6 विकेट से बड़ी जीत हासिल की। अभिषेक और सूर्यवंशी ने पहले विकेट के लिए 133 रन की साझेदारी की, जिससे भारत ने 199 रन का लक्ष्य महज 13.2 ओवरों में हासिल कर लिया।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबला कल



रविवार को सेडन पार्क में श्रृंखला का अंतिम मैच

न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने कहा, 'न्यूजीलैंड और भारत के बीच शुक्रवार को ऑकलैंड में होने वाले चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के सभी टिकट बिक गए हैं और इस मैच के लिए 40 हजार से अधिक दर्शकों के ईडन पार्क पहुंचने की संभावना है।' इससे पहले हैगली ओवल में खेले गए शुरुआती दो मैचों के भी सभी टिकट बिक गए थे। रविवार को सेडन पार्क में होने वाले श्रृंखला के पांचवें और अंतिम मैच के भी सभी टिकट बिक चुके हैं।'

2019 में ईडन पार्क पहुंचे थे 36,523 दर्शक

ऑकलैंड में होने वाला मैच न्यूजीलैंड क्रिकेट के द्विपक्षीय श्रृंखला के मैचों में दर्शकों की उपस्थिति का नया रिकॉर्ड बनाएगा। इससे पहले 2019 में भारत और न्यूजीलैंड की पुरुष और महिला टीमों के बीच एक ही दिन खेले गए मैचों को देखने के लिए 36,523 दर्शक ईडन पार्क पहुंचे थे। किसी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के लिए ईडन पार्क में इससे अधिक दर्शक केवल दो बार ही पहुंचे थे। न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच 2015 के वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल के लिए 41,000 जबकि रिपोर्टों के अनुसार 1982 में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए वनडे मैच को देखने के लिए 42,000 दर्शक पहुंचे थे।

बेंजामिन गठबंधन 53 और विपक्ष 48 सीटों पर आगे

इजराइल चुनाव: नेतन्याहू व आइजनकोट गठबंधन में कड़ी टक्कर, 5 सीटों का अंतर

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

इजराइल में चुनाव के बाद वोटों की गिनती जारी है। अब तक 85.6% वोट गिने जा चुके हैं। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के गठबंधन को 53 सीटें मिलती दिख रही हैं, जबकि गादी आइजनकोट के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन को 48 सीटों पर आगे चल रहा है।

दोनों के बीच सिर्फ 5 सीटों का अंतर है। अरब पार्टियों की जॉइंट लिस्ट 12 और राअम 7 सीटों पर आगे हैं, दोनों को मिलाकर 19 सीटें हो रही हैं। जो इजराइल के चुनावी इतिहास में अरब पार्टियों का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा होगा। इससे पहले 2020 के चुनाव में इन पार्टियों ने 15 सीटें जीती थीं।

- सत्तारूढ़ और विपक्षी गठबंधन दोनों बहुमत से दूर
- अरब पार्टियां 19 सीटों पर आगे, ये इतिहास में सर्वाधिक


लोकुड पार्टी के कार्यालय में पीएम बेंजामिन नेतन्याहू

सरकार बनाने के लिए 61 सीटों की जरूरत


जीत से उत्साहित गादी आइजनकोट

नेतन्याहू पद छोड़ें: आइजनकोट

इजराइल में विपक्षी नेता गादी आइजनकोट ने पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से पद छोड़ने और राजनीति से हटने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जनता ने बदलाव के लिए वोट दिया है और नेतन्याहू सरकार ने लोगों का भरोसा खो दिया है। आइजनकोट ने कहा कि वे सभी इजराइलियों की सेवा करने वाली सरकार बनाने की पूरी कोशिश करेंगे। उन्होंने सुरक्षा अधिकारियों से भी सिर्फ देश और नागरिकों के हित में काम करने की अपील की। इजराइल के पूर्व पीएम यायर लैपिड ने कहा है कि जनता ने पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को सत्ता छोड़ने का साफ संदेश दे दिया है।

सरकार बनाने के लिए 42 दिन मिलेंगे

इजराइल में सरकार बनाने के लिए चुने गए नेता को शुरुआत में 28 दिन का समय मिलता है। जरूरत पड़ने पर राष्ट्रपति इसे 14 दिन और बढ़ा सकते हैं। यानी सरकार बनाने के लिए कुल 42 दिन मिल सकते हैं। इस दौरान नेता को दूसरी पार्टियों से बातचीत कर समर्थन जुटाना होता है। इसके लिए पार्टियों के बीच नीतियों और मंत्रिपदों को लेकर समझौते हो सकते हैं। सरकार बनाने के लिए आम तौर पर संसद में 61 सीटों का समर्थन जरूरी होता है। अगर नेता 61 सीटों का समर्थन नहीं जुटा पाता, तो वह छोटी पार्टियों के सहयोग से अल्पमत सरकार बनाने या दो नेताओं के बीच बारी-बारी से पीएम बनने का समझौता करने की कोशिश भी कर सकता है।

अरब पार्टी गठबंधन 'किंग मेकर'

इजराइल की संसद में कुल 120 सीटें हैं। सरकार बनाने के लिए 61 सीटें जरूरी हैं। अभी नेतन्याहू और विपक्ष, दोनों बहुमत से दूर हैं। ऐसे में अरब पार्टियों का समर्थन सरकार बनाने में अहम हो सकता है। चुनाव से पहले सर्वे में नेतन्याहू की हार का अनुमान लगाया गया था, लेकिन अब तक की गिनती में मुकाबला कड़ा बना हुआ है।

नई सरकार के लिए सभी दल बातचीत करें: राष्ट्रपति

इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने सभी राजनीतिक दलों से नई सरकार बनाने के लिए बातचीत करने और दोबारा चुनाव से बचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सभी दलों को खुले मन से चर्चा करनी चाहिए। चुनाव के बाद किसी भी गठबंधन के पास स्पष्ट बहुमत नहीं है। हर्जोग ने कहा कि अगले हफ्ते चुनाव के आधिकारिक नतीजे मिलने के बाद वे संसद में सभी दलों से बातचीत शुरू करेंगे। इजराइल में गादी आइजनकोट के नेतृत्व वाला विपक्षी खेमा संसद अध्यक्ष अमीर ओहाना को पद से हटाने की तैयारी कर रहा है।


इसाक हर्जोग वोट डालते हुए

खबर संक्षेप

अमेरिकी सेना का नाव पर हमला, 5 की मौत

वॉशिंगटन। अमेरिकी सेना ने मंगलवार को पूर्वी प्रशांत महासागर में ड्रग्स की तस्करी के संदेह में एक नाव पर हमला किया। इस कार्रवाई में 5 लोगों की मौत हो गई। ट्रंप प्रशासन लैटिन अमेरिका में कथित ड्रग्स तस्करों के खिलाफ लगातार सैन्य अभियान चला रहा है। अमेरिकी सेना के दक्षिणी कमान ने कहा कि यह नाव तस्करी के पहचाने गए मार्ग पर चल रही थी। खुफिया जानकारी के अनुसार, नाव मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल थी। हालांकि, सेना ने इस दावे के समर्थन में कोई सबूत सार्वजनिक नहीं किया कि नाव में ड्रग्स ले जाए जा रहे थे।



इसरो 30 अक्टूबर को 'एनवीएस-03' उपग्रह का प्रक्षेपण करेगा

श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बुधवार को कहा कि वह 30 अक्टूबर को जीएसएलवी रॉकेट के जरिए बहुप्रतीक्षित नौवहन उपग्रह 'एनवीएस-03' का प्रक्षेपण करेगा। एनवीएस-03, अगली पीढ़ी की नौवहन उपग्रह प्रणाली का तीसरा उपग्रह है। इसे भारतीय क्षेत्रीय नौवहन उपग्रह प्रणाली श्रृंखला के लिए नौवहन सेवाओं की निरंतरता बनाए रखने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

राजनाथ सिंह और पीट हेगसेथ की मुलाकात

रक्षा तकनीक व सूचनाओं के आदान प्रदान सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजनाथ सिंह और पीट हेगसेथ ने भारत-अमेरिका के 10 वर्षीय रक्षा ढांचे के तहत हुई प्रगति की समीक्षा की। बैठक के बाद राजनाथ सिंह ने कहा कि अमेरिकी युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ के साथ उनकी बैठक बेहद अच्छी रही। इस ढांचे का उद्देश्य दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करना है

भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी को नई गति देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से एक अहम वार्ता की है। यहां भारत और अमेरिका ने रक्षा तकनीक, सूचनाओं के आदान-प्रदान और संयुक्त उत्पादन के क्षेत्र में सहयोग को आगे बढ़ाने पर जोर दिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को फिलीपींस के सेबू में 13वीं आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस (एडीएमएम-प्लस) से इतर अमेरिका के युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ के साथ यह मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका के 10 वर्षीय रक्षा ढांचे के तहत हुई प्रगति की समीक्षा की। बैठक के बाद राजनाथ सिंह ने कहा कि अमेरिकी युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ के साथ उनकी बैठक बेहद अच्छी रही। दोनों पक्षों ने 10 वर्षीय भारत-अमेरिका रक्षा ढांचे के तहत अब तक हुई प्रगति पर चर्चा की। इस ढांचे का उद्देश्य दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करना है। रक्षा मंत्री ने बताया कि भारत और अमेरिका के बीच सैन्य तकनीक, सूचनाओं के आदान-प्रदान और रक्षा उपकरणों के संयुक्त उत्पादन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में रणनीतिक तालमेल बढ़ रहा है।

- दोनों देश सुरक्षा साझेदारी को आगे बढ़ाएंगे
- हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध


अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ और राजनाथ सिंह

कई देशों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे

बता दें, बैठक से इतर राजनाथ सिंह फिलीपींस, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, वियतनाम और दक्षिण कोरिया सहित कई देशों के रक्षा मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बातचीत भी करेंगे। इन बैठकों में भारत के मौजूदा रक्षा सहयोग की समीक्षा की जाएगी और रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा देने के अवसरों पर विचार होगा। एडीएमएम-प्लस क्षेत्रीय देशों और संवाद साझेदारों के बीच रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग पर चर्चा का एक प्रमुख मंच है। इसमें भारत की भागीदारी हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और साझा सुरक्षा हितों को आगे बढ़ाने के उसके प्रयासों का हिस्सा है।

दोनों देशों के बीच मजबूत साझेदारी

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और अमेरिका की मजबूत साझेदारी स्वतंत्र, खुले और सुरक्षित हिंद-प्रशांत क्षेत्र की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग इस क्षेत्र में शांति और सुरक्षा से जुड़े साझा उद्देश्यों का एक प्रमुख आधार है। यह बैठक ऐसे समय में हुई है, जब हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा और रणनीतिक सहयोग को लेकर विभिन्न देशों के बीच बातचीत जारी है।

मालदीव और पाक के बीच 20 समझौते हुए

विपक्ष ने चेताया- भारत को लगा खतरा तो नतीजा भुगतना पड़ेगा

एजेंसी ▶▶ माले

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के पाकिस्तान से बढ़ते रिश्तों पर देश में विरोध शुरू हो गया है। मुइज्जू 20 से 22 अक्टूबर तक पाकिस्तान के दौरे पर थे। इस दौरान दोनों देशों के बीच स्वास्थ्य, शिक्षा, व्यापार, रक्षा और समुद्री सुरक्षा समेत 20 समझौते हुए। इसे लेकर पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने चेतावनी दी है कि अगर भारत को अपनी सुरक्षा पर खतरा लगा, तो मालदीव को इसके गंभीर नतीजे भुगतने पड़ सकते हैं। मालदीव के विपक्षी दल मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) के अध्यक्ष और पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने 25 अक्टूबर को अड्डू सिटी में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मुइज्जू के पाकिस्तान दौरे की आलोचना की। नशीद ने आरोप लगाया कि मुइज्जू ने भारत-पाकिस्तान के लंबे समय से चले आ रहे तनाव को नजरअंदाज किया और मालदीव को दोनों देशों के विवाद के बीच ला खड़ा किया। नुन्होंने कहा कि ऐसे हालात में छोटे देशों, खासकर मालदीव के लिए खतरे ज्यादा होते हैं लेकिन राष्ट्रपति ने इन जोखिमों पर ध्यान नहीं दिया। पूर्व विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद ने भी दौरे की आलोचना की। शाहिद ने आरोप लगाया कि मुइज्जू फिर से भारत विरोधी अभियान शुरू कर सकते हैं। राष्ट्रपति ने 2023 में भी इसी तरह की राजनीति की थी।


मोहम्मद मुइज्जू और शहबाज शरीफ

समझौतों पर हमारी नजर: भारत

मुइज्जू के पाकिस्तान दौरे पर भारत ने भी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत दोनों देशों के बीच हुए समझौतों पर करीब से नजर रख रहा है। भारत के लिए मालदीव रणनीतिक रूप से अहम है। यह देश हिंद महासागर के उन समुद्री रास्तों के करीब है, जहां से अंतरराष्ट्रीय व्यापार होता है। ऐसे में वहां रक्षा और समुद्री सुरक्षा से जुड़े बदलाव भारत के लिए भी मायने रखते हैं। भारत से तनाव का मालदीव की अर्थव्यवस्था पर असर होगा। मालदीव की अर्थव्यवस्था काफी हद तक पर्यटन पर निर्भर है। 2023 में 2.09 लाख से ज्यादा भारतीय पर्यटक मालदीव पहुंचे थे। 2025 में यह संख्या करीब 1.32 लाख रही। 2024 में मालदीव के कुल आयात में भारत की हिस्सेदारी करीब 41% थी। भारत से चावल, सब्जियां, दवाइयां और सीमेंट जैसे जरूरी सामान जाते हैं।

सूडान में ड्रोन हमला, 100 से अधिक लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶ दारफुर

सूडान में जारी आंतरिक संघर्ष ने एक बार फिर भयानक रूप अख्तियार कर लिया है। दक्षिण दारफुर प्रांत के प्रमुख शहर न्याला में सोमवार शाम एक व्यस्त बाजार को निशाना बनाकर किए गए घातक ड्रोन हमले में भारी तबाही मची है, जिसमें 100 से ज्यादा लोगों की जान चली गई और बड़ी संख्या में नागरिक जख्मी हुए हैं। स्थानीय मानवाधिकार निगरानी संस्था 'इमरजेंसी लॉयर्स' तथा अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह हमला न्याला के डुमाया उपनगर स्थित लोकप्रिय 'तानकोंग बाजार' में उस वक्त हुआ जब बड़ी संख्या में स्थानीय लोग खरीदारी और खान-पान में व्यस्त थे। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि व्यस्त समय में बाजार के बीचों-बीच विस्फोटक गिराए गए, जिससे चारों तरफ अफरा-तफरी मच गई।


हमले का दृश्य

संगठनों से स्वतंत्र जांच की मांग की: न्याला वर्तमान में अर्धसैनिक संगठन 'रैपिड सपोर्ट फोर्सेज' (आरएसएफ) के कब्जे में है। आरएसएफ ने इस बर्बर हमले के लिए नियमित सूडानी सेना (एसएएफ) को जिम्मेदार ठहराते हुए घटना की निष्पक्ष और अंतरराष्ट्रीय जांच कराने की मांग उठाई है। दूसरी तरफ, 'दारफुर विक्टिम्स ऑर्गनाइजेशन' के मुताबिक हताहतों में बड़ी संख्या में महिलाएं और मासूम बच्चे शामिल हैं।



वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत-ऑस्ट्रिया की मुलाकात

अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए दोनों मिलकर काम करने को सहमत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और ऑस्ट्रिया ने अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए मिलकर काम करने की इच्छा जताई है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने ऑस्ट्रिया की विदेश मंत्री बीएटे माइनल-राइजिंगर से मुलाकात के दौरान कहा कि मौजूदा वैश्विक हालात जटिल हैं और ऐसे समय में दोनों देशों के बीच बातचीत जरूरी है।

बैठक में द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा करने, पहले हुए समझौतों पर प्रगति जानने और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने पर जोर दिया गया। जयशंकर ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रिया के संबंध गर्मजोशी और मित्रता पर आधारित हैं।


बीएटे राइजिंगर और जयशंकर

भारत-मेक्सिको के बीच बड़ी पहल

व्यापार समझौते के लिए पीटीए वार्ता शुरू, घटेगा आयात शुल्क

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और मेक्सिको ने आर्थिक संबंधों को नई मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वरीयतापूर्ण व्यापार समझौते (प्रीफ्रेंशियल ट्रेड एग्रीमेंट-पीटीए) के लिए औपचारिक रूप से वार्ता शुरू कर दी है। दोनों देशों ने इसके लिए टर्म्स ऑफ रेफरेंस (टीओआर) पर हस्ताक्षर किए, जिससे व्यापार समझौते पर बातचीत का रास्ता साफ हो गया है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल और मेक्सिको के विदेश व्यापार उपमंत्री लुइस रोसेन्डो गुटिरेज रोमानो ने संयुक्त रूप से इस वार्ता प्रक्रिया का शुभारंभ किया। वाणिज्य विभाग ने कहा कि दोनों देशों का साझा उद्देश्य व्यापार का विस्तार करना, निवेश को बढ़ावा देना, सप्लाई चेन को मजबूत बनाना और दोनों देशों के कारोबारों के लिए नए अवसर पैदा करना है। प्रस्तावित समझौते को संतुलित, महत्वाकांक्षी और दोनों पक्षों के लिए लाभकारी बनाने पर जोर दिया जाएगा। इससे भारतीय निर्यातकों को विशेष लाभ मिलने की उम्मीद है, जिसमें ऑटोमोबाइल, टेक्सटाइल, फुटवियर, प्लास्टिक, स्टील, रसायन और खिलौना उद्योग जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं।


राजेश अग्रवाल और लुइस रोमानो



हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28